सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

2019-20

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.)

भारत सरकार

एन.डी.एम.ए. भवन, ए–1, सफदरजंग एनक्लेव,

नई दिल्ली–110 029

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

2019-2020

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.)
भारत सरकार
एन.डी.एम.ए. भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव,
नई दिल्ली-110029

संक्षेपाक्षर

ए.ई.आर.बी.	परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड
सी.बी.आर.एन.	रासायनिक, जैविक, विकिरणकीय एवं नाभिकीय
सी.एस.एस.आर.	क्षतिग्रस्त इमारत खोज एवं बचाव
डी.एम.	आपदा प्रबंधन
डी.पी.आर.	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट
ई.एफ.सी.	व्यय वित्त समिति
ई.डब्ल्यू.	पूर्व–चेतावनी
एफ.आई.सी.सी.आई. (फिक्की)	भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की)
जी.आई.एस.	भौगोलिक सूचना प्रणाली
जी.ओ.आई.	भारत सरकार
एच.पी.सी.	उच्चाधिकार प्राप्त समिति
आई.एम.डी.	भारतीय मौसम विज्ञान विभाग
आई.एन.एस.ए.आर.ए.जी.	अंतरराष्ट्रीय खोज एवं बचाव सलाहकार समूह
एल.बी.एस.एन.ए.ए.	लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी
एम.एफ.आर.	चिकित्सा हेतु प्राथमिक मोचक
एम.एच.ए.	गृह मंत्रालय
एन.सी.एम.सी.	राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति
एन.सी.आर.एम.पी.	राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम प्रशमन परियोजना
एन.डी.एम.ए.	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
एन.डी.आर.एफ.	राष्ट्रीय आपदा मोचन बल
एन.ई.सी.	राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति
एन.ई.आर.एम.पी.	राष्ट्रीय भूकंप जोखिम प्रशमन परियोजना
एन.जी.ओ.	गैर–सरकारी संगठन
एन.आई.डी.एम.	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान
ओ.एफ.सी.	ऑप्टिकल फाइबर केबल
आर.एंड डी.	अनुसंधान एवं विकास
एस.ए.आर.	खोज एवं बचाव
एस.डी.आर.एफ.	राज्य आपदा मोचन बल
यू.टी.	संघ राज्य क्षेत्र

विषय-सूची

		i"B l[;k
	संक्षेपाक्षर	iii
अध्याय 1	प्रस्तावना	1
अध्याय 2	कार्यकलाप एवं लक्ष्य	5
अध्याय 3	नीति, योजनाएं और दिशानिर्देश	7
अध्याय 4	आपदा जोखिम प्रशमन परियोजनाएं	19
अध्याय 5	क्षमता विकास	35
अध्याय 6	कृत्रिम अभ्यास एवं जागरूकता सृजन	41
अध्याय 7	प्रशासन एवं वित्त	89
	अनुबंध – I	93
	अनुबंध – II	95

अध्याय 1

प्रस्तावना

असुरक्षितता विवरण

1.1 भारत, अपनी अनोखी भू–जलवायु एवं सामाजिक–आर्थिक स्थितियों के कारण, बाढ़, सूखा, चक्रवात, सुनामी, भूकम्प, शहरी बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन और जंगल की आग जैसे भिन्न–भिन्न प्रकार के जोखिमों और अनेक आपदाओं से असुरक्षित रहा है। देश के 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यू.टी.) में से 27 आपदा प्रवण हैं, 58.6% भू–भाग साधारण से लेकर अति उच्च तीव्रता वाला भूकम्प प्रवण क्षेत्र हैः इसकी भूमि का 12% बाढ़ प्रवण और नदी कटाव वाला क्षेत्र है; इसकी कुल 7,516 कि.मी. लंबी समुद्री तटरेखा में से 5,700 कि.मी. भू–भाग चक्रवात और सुनामी प्रवण क्षेत्र है; इसके कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल में से 68% भाग सूखे से असुरक्षित है; और इसके पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और हिमस्खलन का जोखिम बना रहता है, इसका 15% भू–भाग भूस्खलन प्रवण है। कुल 5,161 शहरी स्थानीय निकाय शहरी बाढ़ प्रवण हैं। आगजनी की घटनाएँ, औद्योगिक दुर्घटनाएँ और अन्य मानव–जनित आपदाएँ जिनमें रासायनिक, जैविक और रेडियोधर्मी सामग्रियों से संबंधित आपदाएं शामिल हैं, वे अतिरिक्त खतरे हैं जिन्होंने आपदाओं के प्रशमन, उनका सामना करने की तैयारी और उनके लिए मोचन संबंधित उपायों को मजबूत बनाने की आवश्यकताओं को रेखांकित किया है।

1.2 भारत में आपदाओं की जोखिम, जनसांख्यिकी और सामाजिक–आर्थिक अवस्थाओं में तेज गति से होने वाले बदलावों, अनियोजित नगरीकरण, उच्च जोखिम क्षेत्रों में विकास, पर्यावरण क्षरण, जलवायु परिवर्तन, भू–गर्भीय संकट, महामारियों और संक्रामक रोगों से संबद्ध बढ़ती असुरक्षितताओं में और भी अधिक वृद्धि हुई है । स्पष्टतः, इन सब बातों से एक ऐसी स्थिति पैदा हो गई है जहां ये आपदाएं भारत की अर्थव्यवस्था, इसकी आबादी और अनवरत विकास के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) की उत्पत्ति

1.3 किसी आपदा की स्थिति में बचाव, राहत और पुनर्वास उपायों को करने की बुनियादी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है। केन्द्र सरकार भयानक प्राकृतिक विपदाओं के मामले में राज्य सरकार के प्रयासों में, उन्हें संभारतंत्र एवं वित्तीय सहायता प्रदान करके, मदद करती है। संभारतंत्र सहायता में एयरक्राफ्टों, नावों, सशस्त्र बलों की विशेष टीमों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सी.ए.पी.एफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ.) की तैनाती, राहत सामग्रियों और अनिवार्य वस्तुओं की व्यवस्थाएं, जिनमें मेडिकल स्टोर शामिल हैं, महत्त्वपूर्ण ढांचागत सुविधाओं की पुनर्बहाली जिनमें संचार नेटवर्क शामिल है, और स्थिति से कारगर ढंग से निपटने के लिए प्रभावित राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथा अपेक्षित अन्य कोई सहायता सम्मिलित हैं।

1.4 सरकार ने आपदा प्रबंधन के तरीके की प्रणाली वाले राहत केंद्रित तरीके को एक समग्र एवं एकीकृत प्रबंधन तरीके द्वारा परिवर्तित किया है जिसमें आपदा प्रबंधन के सम्पूर्ण चक्र (रोकथाम, प्रशमन, तैयारी, मोचन, राहत, पुनर्वास और पुनर्बहाली) को

कवर किया गया है। यह तरीका इस दृढ़ धारणा पर आधारित है कि विकास तब तक कायम नहीं रह सकता जब तक कि आपदा प्रशमन विकास प्रक्रिया के अंदर ही शामिल न हो।

1.5 भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के महत्त्व को राष्ट्रीय प्राथमिकता का मानते हुए, अगस्त, 1999 में एक उच्चाधिकार समिति का गठन एवं गुजरात भूकम्प के बाद 2001 में आपदा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी के बारे में सिफारिशें करने तथा कारगर प्रशमन तंत्रों का सुझाव देने के लिए आपदा प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय समिति का भी गठन किया था। तथापि, हिंद महासागर में आई वर्ष 2004 की सुनामी के बाद भारत सरकार ने, भारत में आपदाओं के प्रबंधन के क्षेत्र में समग्र और समेकित दृष्टिकोण बनाने और उसे कार्यान्वित करने हेतु संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) की स्थापना करके, देश के विधायी इतिहास में एक ठोस कदम उठाया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) का गठन

1.7 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन 30 मई, 2005 को भारत सरकार के एक कार्यकारी आदेश द्वारा किया गया था। तत्पश्चात्, 23 दिसंबर, 2005 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया गया और 27 सितंबर, 2006 को इस अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत इस प्राधिकरण को अधिसूचित किया गया ।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) का संघटन

1.8 भारत के प्रधानमंत्री एन.डी.एम.ए. के पदेन अध्यक्ष हैं। वर्तमान सदस्य और प्राधिकरण में उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि निम्नानुसार हैं :

1.9 राष्ट्रीय स्तर पर, एन.डी.एम.ए. के पास, अन्य बातों के साथ–साथ, आपदा प्रबंधन पर नीतियाँ

1.	श्री जी.वी.वी. शर्मा	सदस्य सचिव (29.07.2019) से
2.	श्री कमल किशोर	सदस्य (16.02.2015) से
3.	लेफ्टिनेन्ट जनरल सैयद अता हसनैन, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम और बीएआर (सेवानिवृत्त)	सदस्य (21.02.2020) से
4.	श्री राजेंद्र सिंह	सदस्य (20.02.2020) से

1.6 भारत सरकार ने आपदाओं और उनसे जुड़े मामलों अथवा उनके कारण हुई दुर्घटनाओं के कारगर प्रबंधन की व्यवस्था के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया है। यह अधिनियम आपदाओं के दुष्प्रभावों को रोकने तथा प्रशमित करने और किसी आपदा की परिस्थिति में तुरंत मोचन हेतु सरकार के विभिन्न पक्षों द्वारा उपायों को सुनिश्चित करके, आपदा प्रबंधन योजनाओं को तैयार करने तथा उनके कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग के लिए सांस्थानिक प्रक्रम को निर्दिष्ट करता है।

निर्धारित करने और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा उनकी विकास योजनाओं तथा परियोजनाओं में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डी.आर.आर.) उपायों के एकीकरण अथवा आपदा के असर के प्रशमन के उद्देश्य हेतु अनुपालन किए जाने वाले दिशानिर्देशों को तैयार करने की जिम्मेदारी है। राज्यों द्वारा अपनी संबंधित राज्य आपदा प्रबंधन योजनाओं को तैयार करने और आपदाओं को रोकने के लिए उपायों के करने अथवा इसका असर कम करने के साथ–साथ, किसी आपदा से निपटने के लिए क्षमता निर्माण,

जैसा राज्य जरूरी समझे, करने हेतु अनुपालन किए जाने वाले दिशानिर्देशों को भी एन.डी.एम.ए. निर्दिष्ट करता है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) सचिवालय

1.10 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) की संगठनात्मक संरचना को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मई, 2008 में अनुमोदित किया गया था। सचिवालय का नेतृत्व एक सचिव करते हैं और उनके साथ पांच संयुक्त सचिव/सलाहकार होते हैं जिनमें से एक वित्तीय सलाहकार होता है। संगठन में दस संयुक्त सलाहकार (निदेशक स्तर के) और चौदह सहायक सलाहकार (अवर सचिव स्तर के) होते हैं और उनकी सहायता के लिए सहायक स्टाफ होता है। अनेक वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी भी संगठन को उसके काम में सहायता देते हैं। आपदा प्रबंधन एक विशिष्ट विषय है, इसलिए यह भी सुनिश्चित किया गया है कि विशेषज्ञों की विशेशज्ञता अनुबंध आधार पर उपलब्ध रहे। चूँकि आपदा एक विशिष्ट विषय है, इसलिए यह भी सुनिश्चित किया गया है कि विशेषज्ञों की विशेषज्ञता अनुबंध आधार पर उपलब्ध रहे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिवालय के विस्तृत संगठन की परिचर्चा 'प्रशासन एवं वित्त' नामक एक पृथक अध्याय में की गई है। अधिकारियों की सूची अनुबंध II में प्रस्तुत है।

अध्याय 2

कार्यकलाप एवं लक्ष्य

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकलाप

2.1 भारत में आपदा प्रबंधन हेतु शीर्ष निकाय के रूप में, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उत्तरदायित्व आपदाओं के बारे में समयबद्ध और कारगर मोचन सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रबंधन हेतु नीतियाँ, योजनाएं और दिशानिर्देश निर्धारित करने का है। इसके विधायी कार्यों में निम्नलिखित कार्य करने का उत्तरदायित्व भी शामिल है :

(क) आपदा प्रबंधन के संबंध में नीतियां निर्धारित करना;

(ख) राष्ट्रीय योजना को और भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों द्वारा राष्ट्रीय योजना के अनुसार तैयार की गईं योजनाओं को अनुमोदित करना;

(ग) राज्य योजना बनाने के लिए राज्य प्राधिकारियों के अनुपालन हेतु दिशानिर्देश निर्धारित करना;

(घ) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा विकास योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा की रोकथाम के उपायों को समेकित करने तथा आपदा के प्रभाव का प्रशमन करने के प्रयोजनार्थ अपनाए जाने वाले दिशानिर्देश निर्धारित करना;

(ङ) आपदा प्रबंधन की नीति और योजना के प्रवर्तन और कार्यान्वयन में समन्वय करना;

(च) आपदा प्रशमन के प्रयोजनार्थ धनराशियों (फंड्स) की व्यवस्था की सिफारिश करना;

(छ) बड़ी आपदाओं से प्रभावित अन्य देशों को ऐसी सहायता सुलभ कराना जैसी केंद्रीय सरकार द्वारा तय की जाए;

(ज) आपदा की रोकथाम के लिए, अथवा आपदा की स्थिति की आशंका से या आपदा से निपटने के लिए प्रशमन, अथवा तैयारी और क्षमता निर्माण के लिए ऐसे अन्य कदम उठाना जो एन.डी.एम.ए. आवश्यक समझे;

(झ) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एन.आई.डी.एम.) के कामकाज के लिए व्यापक नीतियां और दिशानिर्देश निर्धारित करना;

(ञ) आपदा की स्थिति की आशंका या आपदा से निपटने के लिए विशेष कार्रवाई के प्रयोजन के लिए अधिनियम के अधीन गठित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ.) पर प्रमुख अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण रखना;

(ट) आपदा की स्थिति की आशंका या आपदा में बचाव तथा राहत के लिए सामान या सामग्री की आपातकालीन अधिप्राप्ति के लिए संबंधित विभाग या प्राधिकरण को प्राधिकृत करना;

(ठ) आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली राहत के न्यूनतम मानकों के लिए दिशानिर्देशों की सिफारिश करना ।

2.2 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सभी प्रकार की आपदाओं से, चाहे वे प्राकृतिक हों या मानव–जनित, निपटने के लिए अधिदेश प्राप्त है। जबकि ऐसी अन्य आपातस्थितियों जिनमें सुरक्षा बलों तथा/अथवा आसूचना अधिकरणों का निकटता से संलिप्त होना अपेक्षित है जैसे आतंकवाद (बगावत के विरुद्ध कार्रवाई), कानून

और व्यवस्था की स्थिति, क्रमिक बम विस्फोट, विमान अपहरण, विमान दुर्घटनाएं, रासायनिक जैविक, विकिरणकीय और नाभिकीय (सी.बी.आर.एन.) हथियार प्रणाली, खान आपदाएं, पत्तन और बंदरगाह की आपातस्थितियाँ, जंगल की आग, तेल क्षेत्र में आग और तेल बिखरने की घटनाओं से वर्तमान तंत्र अर्थात् राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एन.सी.एम.सी.) द्वारा निपटना जारी रहेगा।

2.3 तथापि, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सी.बी.आर.एन. आपातस्थितियों के बारे में दिशानिर्देश बनाएगा तथा प्रशिक्षण और तैयारी की गतिविधियों को सुकर बनाएगा। प्राकृतिक और मानव–जनित आपदाओं के लिए चिकित्सा तैयारी, मनो–सामाजिक देखभाल और ट्रॉमा, समुदाय आधारित आपदा तैयारी, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण तैयारी, जागरूकता अभियान चलाना आदि जैसे विविध विषयों पर भी संबंधित हितधारकों की भागीदारी में एन.डी.एम.ए. अपना ध्यान आकृष्ट करेगा। आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के पास उपलब्ध वे संसाधन, जो आपातकालीन सहायता कार्यकलाप के लिए सक्षम हैं, आसन्न आपदा/आपदाओं के समय आपातस्थिति से निपटने के लिए सभी स्तरों पर नोडल मंत्रालयों/अभिकरणों को उपलब्ध कराए जाएंगे ।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दूरदृष्टि (विजन)

2.4 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिदेश और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति से उत्पन्न दूरदृष्टि (विजन) निम्न प्रकार से है :

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लक्ष्य

2.5 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लक्ष्य निम्न प्रकार हैं :

(क) सभी स्तरों पर ज्ञान, नवाचार और शिक्षा के माध्यम से रोकथाम, तैयारी और समुत्थानशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देना।

(ख) प्रौद्योगिकी, पारंपरिक बुद्धिमत्ता और पर्यावरणीय संरक्षण पर आधारित प्रशमन उपायों को प्रोत्साहित करना।

(ग) आपदा प्रबंधन सरोकारों को विकासात्मक योजना प्रक्रिया में मुख्य स्थान प्रदान करना।

(घ) सक्षमकारी नियामक वातावरण और एक अनुपालनकारी व्यवस्था का सृजन करने के लिए संस्थागत और प्रौद्योगिकीय–विधिक ढांचों को स्थापित करना।

(ङ) आपदा जोखिमों की पहचान, आकलन और अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) करने के लिए प्रभावी तंत्र सुनिश्चित करना।

(च) सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से प्रत्युत्तरपूर्ण और बाधा–रहित संचार से युक्त समकालीन पूर्वानुमान एवं शीघ्र चेतावनी प्रणालियां विकसित करना।

(छ) समाज के कमजोर वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर उनके अनुकूल प्रभावी मोचन और राहत के कार्य सुनिश्चित करना।

(ज) अधिक सुरक्षित ढंग से जीने के लिए आपदा का सामना करने में सक्षम इमारतें खड़ी करने को, एक अवसर के रूप में मानते हुए, पुनर्निर्माण कार्य हाथ में लेना।

(झ) आपदा प्रबंधन के लिए मीडिया के साथ एक उपयोगी और सक्रिय (प्रोडक्टिव एंड प्रोएक्टिव) सहभागिता को बढ़ावा देना।

^^jkdFkke] i'keu] r;kjh ,oa ekpu ifjr lLÑfr ds ekè;e ls ,d lexz lfØ;] cgq&vkinkk dsfnzr vkSj ikS|kfxdh lapkfyr j.kuhfr dk fodkl djrs gq, ,d lqjf{kr rFkk vkink ls fuiVus esa i.kZ l{ke Hkkjr dk fuekZ.k djukA^^

अध्याय 3

नीति, योजनाएं और दिशानिर्देश

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति (एन.पी.डी.एम.) 2009

3.1 आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 22 अक्तूबर, 2009 को अनुमोदित किया गया था और इसे 18 जनवरी, 2010 को जारी की गई थी। इसमें पूर्ववर्ती 'मोचन–केंद्रित' तरीके के स्थान पर रोकथाम, तैयारी और प्रशमन के तरीके पर बल देते हुए आपदा के समग्र प्रबंधन दृष्टिकोण को अपनाकर किए गए आमूलचूल परिवर्तन को दर्शाया गया है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना (एन.डी.एम.पी.)

3.2 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने वर्ष 2016 में पहली राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना तैयार की थी। नवंबर, 2019 में विस्तृत विचार–विमर्श के बाद इसे संशोधित किया गया है। संशोधित योजना में नए खतरे (आंधी तूफान, बिजली कड़कना, प्रचंड हवा, धूल तूफान और तेज हवा/बादल फटना और ओला–वृष्टि/हिमानी झील विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ)/ग्रीष्म लहर/जैविक और सार्वजनिक स्वास्थ्य अपातस्थिति (बीपीएचई)/जंगल की आग), नए अध्याय (2015 वैश्विक ढांचा/समाजिक समावेशी/डीआरआर का मुख्यधारा में लाने के डीआरआर के लिए सुसंगतता और पारस्परिक सुदृढ़ीकरण शामिल हैं तथा जलवायु के बाद जोखिम सूचित डीआरआर के लिए नए विषयगत क्षेत्र के रूप में जलवायु परिवर्तन जोखिम प्रबंधन भी शामिल है। इस एनडीएमपी ने सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों/एजेंसियों और अन्य हितधारकों के लिए समयबद्ध कार्रवाई चित्रित किया है, ताकि, डीआरआर के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क की समय सीमा के साथ मिलान किया जा सके। योजना को केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, सभी राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों और अन्य हितधारकों के साथ साझा किया गया है, ताकि वे सेंडाई लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एनडीएमपी 2019 की समयसीमा के अनुरूप अपनी योजनाओं और रणनीतियों को विकसित करें।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश

3.3 उद्देश्यों को योजनाओं में रूपांतरित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तरों पर विभिन्न संस्थाओं (प्रशासनिक, शैक्षणिक, वैज्ञानिक और तकनीकी) के सहयोग से अनेक पहलों (इनीशियेटिव्स) को शामिल करते हुए एक मिशन–आधारित दृष्टिकोण (मिशन–मोड अप्रोच) को अपनाया है। नीति के रूप में, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों और सभी अन्य हितधारकों को दिशानिर्देश बनाने के काम में शामिल किया गया है। विनिर्दिष्ट आपदाओं और प्रसंगों (जैसे क्षमता विकास और जन जागरूकता) पर आधारित ये दिशानिर्देश योजनाओं की तैयारी के लिए आधार प्रदान करते हैं। विषय की जटिलता पर निर्भर रहते हुए, दिशानिर्देशों को बनाने में न्यूनतम 12 से 18 महीनों का समय लगता है। इस दृष्टिकोण में हितधारकों के साथ एक 'नौ–चरण' वाली सहभागितापूर्ण तथा परामर्शी प्रक्रिया शामिल है जैसा कि चित्र 3.1 में दिखाया गया है।

3.4 दिशानिर्देशों की तैयारी प्रक्रिया में निम्नलिखित बातें शामिल हैं :–

- केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों, वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थाओं आदि सहित विभिन्न अभिकरणों द्वारा अब तक किए गए कार्यों/उपायों पर आपदा–वार किए गए अध्ययनों की एक त्वरित समीक्षा।

- प्रचालनात्मक, प्रशासनिक, वित्तीय और कानूनी मुद्दों से संबंधित शेष कार्यों की पहचान।
- गंतव्य कार्य योजना तैयार करना, जिसमें सुगम मॉनीटरिंग को सुकर बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को उचित प्रकार से दर्शाया गया हो।
- उद्देश्यों और लक्ष्यों को, अल्पावधि एवं दीर्घावधि में गंतव्य/मंजिल की पहचान जिनकी विधिवत् प्राथमिकता महत्त्वपूर्ण, अनिवार्य और ऐच्छिक रूप में की गई हो, करके हासिल किया जाए।
- चार महत्त्वपूर्ण प्रश्नों, अर्थात्—क्या किया जाना है? किस प्रकार किया जाना है? कौन करेगा? और कब तक किया जाना है?—के उत्तर दिए जाने थे।
- एक संस्थागत तंत्र स्थापित किया जाए जो इस कार्य योजना के प्रचालनीकरण की निगरानी करे।

दिशानिर्देश तैयार करने की प्रक्रिया

नौ चरण



चित्र 3.1

3.5 पिछले वर्षों के दौरान जारी किए गए दिशानिर्देश और रिपोर्टें तथा अन्य दस्तावेज :

(i) जारी किए गए दिशानिर्देशः

,uMh,e, }kjk tkjh fd, x, fn'kkfun'kk dh lph		
ØÆlÆ	jk"Vh; vkink icèku fn'kkfun'kk d 'kh"kd	mudk r;kj dju@ tkjh dju dk eghuk rFkk o"k
1.	भूकंप प्रबंधन	अप्रैल, 2007
2.	रासायनिक आपदा (औद्योगिक) प्रबंधन	अप्रैल, 2007
3.	राज्य आपदा प्रबंधन योजनाओं को तैयार करना	जुलाई, 2007
4.	चिकित्सा तैयारी एवं बड़ी दुर्घटना का प्रबंधन	अक्तूबर, 2007
5.	बाढ़ प्रबंधन	जनवरी, 2008
6.	चक्रवात प्रबंधन	अप्रैल, 2008
7.	जैव आपदा प्रबंधन	जुलाई, 2008
8.	नाभिकीय और विकिरणकीय आपातस्थिति प्रबंधन	फरवरी, 2009
9.	भूस्खलन एवं हिमस्खलन प्रबंधन	जून, 2009
10.	रासायनिक (आतंकवाद) आपदा प्रबंधन	जून, 2009
11.	आपदाओं में मनो–सामाजिक सहायता और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं	दिसंबर, 2009
12.	घटना कार्रवाई प्रणाली	जुलाई, 2010
13.	सुनामी प्रबंधन	अगस्त, 2010
14.	आपदाओं के कारण मारे जाने वाले मृतकों के शवों का प्रबंधन	अगस्त, 2010
15.	शहरी बाढ़ प्रबंधन	सितंबर, 2010
16.	सूखा प्रबंधन	सितंबर, 2010
17.	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सूचना और संचार प्रणाली	फरवरी, 2012
18.	अग्निशमन सेवाओं का स्तर–निर्धारण, उपस्कर की किस्म और प्रशिक्षण	अप्रैल, 2012
19.	कमजोर भवनों तथा ढांचों की भूकम्पीय मरम्मत (रेट्रोफिटिंग)	जून, 2014
20.	स्कूल सुरक्षा नीति	फरवरी, 2016
21.	अस्पताल सुरक्षा	फरवरी, 2016
22.	राहत के न्यूनतम मानक	फरवरी, 2016
23.	संग्रहालय	मई, 2017

24.	सांस्कृतिक विरासत स्थल तथा आस–पास का परिसर	सितंबर, 2017
25.	नौका सुरक्षा	सितंबर, 2017
26.	आंधी–तूफान और बिजली कड़कना/हवा के थपेड़ों/धूल/ओलावृष्टि और तीव्र हवा की रोकथाम और प्रबंधन–कार्य योजना की तैयारी	मार्च, 2019
27.	आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए अस्थाई आश्रय	सितंबर, 2019
28.	दिव्यांगता समावेशी आपदा जोखिम में कमी	सितंबर, 2019
29.	भूस्खलन प्रबंधन जोखिम रणनीति	सितंबर, 2019
30.	कार्य योजना की तैयारी–लू की रोकथाम तथा प्रबंधन (संशोधित दिशानिर्देश)	अक्तूबर, 2019

(ii) जारी की गई रिपोर्टें तथा अन्य दस्तावेज :

Ø- lœ	fooj.k
1.	नागरिक सुरक्षा संगठन का पुनर्गठन
2.	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एन.आई.डी.एम.) की कार्यप्रणाली
3.	पी.ओ.एल. टैंकरों के परिवहन हेतु सुरक्षा और सावधानी उपायों का सुदृढ़ीकरण
4.	नगर जलापूर्ति और जलाशयों के संकट
5.	आपदा के प्रति कार्रवाई हेतु प्रशिक्षण प्रणाली
6.	नागरिक सुरक्षा तथा संबद्ध संगठनों के प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण हेतु पुस्तिकाः भाग I एवं II
7.	भीड़–भाड़ वाले कार्यक्रमों और स्थानों पर भीड़ का प्रबंधन
8.	भीड़–भाड़ वाले कार्यक्रमों और स्थानों के लिए प्रबंधन योजना को तैयार करने हेतु संक्षिप्त रूपरेखा
9.	आपदा प्रबंधन पर प्रासंगिक अधिनियमों /नियमों /कानूनों /विनियमों /अधिसूचनाओं का सारांश
10.	जिला आपदा प्रबंधन योजना (डी.डी.एम.पी.) की मॉडल रूपरेखा तथा डी.डी.एम.पी. को तैयार करने के लिए व्याख्यात्मक टिप्पणियां
11.	चक्रवात हुदहुद–भारत के समुद्र तटीय क्षेत्रों में बेहतर तैयारी तथा जोखिम समुत्थानशीलता को और सुदृढ़ करने के लिए रणनीतियां तथा सबक
12.	प्रशिक्षण मैनुअलः आपातकालीन प्रबंधन अभ्यास का संचालन कैसे करें
13.	भवनों तथा अवसंरचना के आपदा समुत्थानशील निर्माण को सुनिश्चित करने हेतु दिशानिर्देश
14.	भारत में उन्नत ट्रॉमा जीवन सहायता हेतु क्षमता निर्माण पर प्रायोगिक परियोजना
15.	जिला स्तर पर सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा पंचायती राज संस्थाओं एवं शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों हेतु क्षमता निर्माण
16.	शहरी बाढ़ के प्रशमन हेतु कार्य योजना

17.	गुजरात की बाढ़ 2017–एक प्रकरण अध्ययन
18.	खतरा जोखिम निर्माण पर राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण पर नियम
19.	तमिलनाडु बाढ़ : सीखे गए सबक और सर्वोत्तम प्रथाओं पर रिपोर्ट
20.	गजा चक्रवात पर अध्ययन रिपोर्ट – 2018
21.	घर के मालिकों के लिए चक्रवात और भूकंप सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शिका
22.	भूकंप आपदा जोखिम सूचकांक रिपोर्ट
23.	भारत में अग्नि सुरक्षा (एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस की कार्यवाही)
24.	भारत में लू की चेतावनी के लिए तापमान सीमा का अनुमान लगाने के लिए एक प्रारंभिक अध्ययन
25.	विभिन्न आपदाओं पर क्या करें और क्या न करें के लिए पॉकेट बुक
26.	कोविड–19 पर क्या करें और क्या न करें तथा FAQ पर एक डिजिटल किताब
27.	2020 की लू की तैयारी और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला की रिपोर्ट

3.6 वर्ष 2019-20 के दौरान जारी दिशानिर्देश/ रिपोर्टें :

(i) vkink iHkkfor ifjokjks dk fy, vLFkk;h vkJ; dsUnzks ij jk"Vªh; fn'kkfunsZ'k

अस्थायी आश्रय केंद्रों पर दिशानिर्देशों से सभी सरकारी/निजी एजेंसियों को आपदा–पीड़ितों की जरूरतों के मुताबिक अस्थायी आश्रय केंद्रों के निर्माण में सहायता मिलेगी। यह दिशानिर्देश अस्थायी आश्रय केंद्रों के निर्माण के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री/प्रौद्योगिकी को तय करने में एजेंसियों की मदद करेंगे और आश्रय केंद्रों के निर्माण हेतु अपनाए जाने वाले तरीकों और विभिन्न भौगोलिक स्थितियों में संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। ये दिशानिर्देश अस्थायी आश्रय केंद्रों के सभी पहलुओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएंगे। यह दिशानिर्देश 27 सितंबर, 2019 को एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर जारी किए गए थे।

(ii) fnO;kaxrk lekos'kh vkink tksf[ke U;wuhdj.k ¼Mhvkjvkj½ ij fn'kkfunsZ'k

दिव्यांगता समाहित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर दिशानिर्देशों में आपदा प्रबंधन–आपदा–पूर्व, दौरान और पश्चात्–के सभी पहलुओं को कवर किया जाएगा। पूर्व–आपदा चरण के दौरान दिव्यांगजनों के लिए विशेष तैयारी उपायों पर विचार/ध्यान दिया जाएगा। दिव्यांगों के लिए विशेष जरूरत पर आपदा स्थिति के दौरान ध्यान दिया जाएगा। आपदा पश्चात् कार्यकलापों का फोकस दिव्यांगों की जरूरतों पर विशेष फोकस के साथ पुनर्निर्माण, पुनर्वास और स्वास्थ्य–लाभ पहलुओं पर होगा। इन दिशानिर्देशों को संयुक्त राष्ट्र निवासी समन्वयक (यूएनआरसी) कार्यालय, नई दिल्ली की सलाह से तैयार किया गया है और ये 27 सितंबर, 2019 को एनडीएमए की 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर जारी किए गए थे।

(iii) dk;l ;ktuk dh r!;kjh d fy, jk"Vh; fn'kkfuni'k&y ¼xel ygj½ dh jkdFkke vkj iceku

एनडीएमए ने इस उद्देश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा गहन विचार–विमर्श के बाद 2019 की लू कार्य योजना रोकथाम और प्रबंधन की तैयारी के लिए संशोधित राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी की गई है। ये दिशानिर्देश अत्यधिक गरम लहर के नकारात्मक प्रभाव को कम करने हेतु संबंधित क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों द्वारा गतिविधियों के कार्यान्वयन, समन्वय और मूल्यांकन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं। संशोधित दिशानिर्देश अक्तूबर, 2019 में जारी किया गया है।

(iv) xktk pØokr&2018 ij vè;;u fjikV

आपदा तैयारियों की एक महत्वपूर्ण पहलू सबको सीखने, अंतराल की पहचान करने और सर्वोत्तम अभ्यासों को प्रलेखित करने के लिए प्रत्येक घटना का अध्ययन करना है, ताकि भविष्य की घटनाओं को और भी अधिक कुशल तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इस प्रकार, इस अध्ययन रिपोर्ट को तैयरियों में सुधार के साथ–साथ समग्र प्रशासनिक मशीनरी के अनुक्रियाशील तंत्रों के रूप में संदर्भित किया जा सकता है। रिपोर्ट 27 सितंबर, 2019 को एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर जारी की गई थी।

(v) pØokr vkj Hkdi d fy, x`g Lokeh grq ekxnf'kdk

जैसाकि देश के बड़े हिस्से भूकंप और बाढ़ से ग्रस्त होते हैं, इसलिए लोगों को अपने घरों को भूकंप और बाढ़ रोधी बनाने के लिए सरल, आसानी से समझने वाले सुझावों से अवगत कराने की आवश्यकता है। इस दिशा–निर्देश का उद्देश्य संभावित नुकसान को कम करना है और इसका उपयोग विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और निर्माणों में किया जा सकता है। इससे एक व्यक्ति को भूकंप और चक्रवात रोधी मकान/फ्लैट/भवन का निर्माण/ खरीदना सुविधाजनक हो जाएगा। इस मार्गदर्शिका को दोनों पहलुओं अर्थात् संरचनात्मक और गैर–संरचनात्मक सुरक्षा के लिए विकसित किया गया है। इस मार्गदर्शिका को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर और मद्रास के परामर्श से तैयार किया गया है और यह 27 सितंबर, 2019 को एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर जारी किया गया था।

(vi) Hkkjr e y dh pirkouh rkieku lhek dk vuqeku yxku d fy, ,d ikjfHkd vè;;u

लू को 21वी सदी में संख्या, तीव्रता और अवधि में वृद्धि पर अनुमानित किया गया। एनडीएमए ने 100 भारतीय शहरों के लिए प्रभाव आधारित चेतावनी के लिए अधिकतम तापमान के थ्रेशहोल्ड की एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें मौसम संबंधी निर्णय लेने वालों और आम जनता को गर्मी के आसन्न खतरे से बचने के लिए मौसम विज्ञान और गर्मी–स्वास्थ्य चेतावनी देने के लिए एक समग्र उद्देश्य है। शहर के विशिष्ट तापमान थ्रेशहोल्ड विभिन्न तैयारियों और प्रशमन उपायों को करने के लिए विशिष्ट ग्रीष्म लहर की चेतावनी प्रदान करने में मदद कर सकता है। अध्ययन की प्रति सभी राज्यों/संबंधित मंत्रालयों और अन्य हितधारकों को भेज दी गई है।

(vii) Hkkjr e vfXu lj{kk ¼,uMh,e, d 15o LFkkiuk fnol dh dk;okgh½

दुनिया भर में आग, जान और माल के नुकसान का एक प्रमुख कारण है। अतीत में, भारत ने आग की कई दुखद घटनाओं को देखा है, उदाहरण के लिए उपहार सिनेमा, नई दिल्ली (2007), कुंभकोणम (1997) में स्कूल और कमला मिल्स, मुंबई (2017)। हाल ही में, सूरत कोचिंग–क्लास की आग ने

अग्नि सुरक्षा की तैयारी में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अग्नि जोखिम और अग्नि सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और विचार करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने 27 सितंबर, 2019 को नई दिल्ली के होटल अशोक में 15वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 'अग्नि सुरक्षा' विषय का चयन किया। स्थापना दिवस की विस्तृत कार्यवाही को वेबसाइट पर संकलित और अपलोड किया गया है।

(viii) y|] 2020 dh r|;kjh vk|j i|cèku d| fy, jk"Vªh; dk;|'kkyk dh fjik|V|

रिपोर्ट में 2020 में लू के लिए 5–6 दिसंबर, 2019 को बेंगलुरू में ग्रीष्म लहर की तैयारी प्रशमन और प्रबंधन पर कर्नाटक सरकार के सहयोग से एनडीएमए द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की कार्यवाही शामिल है।

3.7 तैयार किए जा रहे दिशानिर्देश तथा अन्य दस्तावेज

(i) vkink jkgr vk|j cgkyh d| fy, v|rjk"Vªh; lgk;rk Lohdkj dju| ij ekud l|pkyu i|fØ;k ¼,lvk|ih½ dk xBuA

(ii) vkink jkgr vk|j cgkyh d| fy, ?kj|y| lgk;rk@lgk;rk dk| p|uyc) dju| ij ekud l|pkyu i|fØ;k ¼,lvk|ih½ dk xBuA

3.8 एनडीएमए द्वारा आयोजित कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम

(i) vfXu l|j{kk ij LFkkiuk fnol dk;|'kkyk

27 सितंबर, 2019 को एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस मनाया गया। इस वर्ष के स्थापना दिवस का विषय अग्नि सुरक्षा था। माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री जी. किशन रेड्डी जी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

2. समारोह के दौरान निम्नलिखित तकनीकी सत्र आयोजित किए गए :

i) भारत में अग्नि जोखिम
ii) अग्नि निवारण और प्रशमन
iii) संस्थागत चुनौतियाँ और मुद्दे

हितधारकों ने देश में अग्नि जोखिम, इसकी रोकथाम और प्रशमन, प्रमुख मुद्दों और अग्नि जोखिम में कमी के संबंध में संस्थागत चुनौतियाँ और भविष्य के बारे में चर्चा की गई।

3. डॉ० पी.के. मिश्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने इस अवसर पर समापन भाषण दिया।

(ii) xh"e ygj ¼y|½ dh r|;kjh] i|'keu vk|j i|cèku ij jk"Vªh; dk;|'kkyk %

एनडीएमए ने कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर 2020 में लू के लिए 5–6 दिसंबर, 2019 को बंगलुरू में ग्रीष्म लहर की तैयारी, प्रशमन और प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।

2. कार्यशाला के दौरान पांच तकनीकी सत्रों में कई विषयों पर महत्वपूर्ण विचार–विमर्श किया गया। ये इस प्रकार हैं :

- ग्रीष्म लहर पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा हुई। ग्रीष्म लहर से संबंधित जोखिम को कैसे कम किया जाए, पर उपाय खोजे गए। पैनलिस्टों ने भारत में स्वास्थ्य पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव और नवीनतम राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के आधार पर गर्मी के लिए कार्य योजना की मुख्य धारा पर चर्चा की।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने लू से संबंधित संदेशों के प्रसार के लिए पूर्व चेतावनी

और पूर्वानुमान और संचार रणनीति पर भी चर्चा की।

- कुछ अति–संवेदनशील राज्यों ने अन्य हितधारकों को गर्मी के लिए अपनी कार्य योजनाओं को तैयार करने और लागू करने में मदद करने के लिए अपने अनुभव और सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा किया। इन राज्यों की सफलता की कहानियों ने विकसित उन्नत योजना, बेहतर तैयारी और समयबद्ध हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया।

- क्षमता निर्माण और प्रभावी प्रतिक्रिया से संबंधित मुद्दों पर प्रस्तुतियां दी गई; और अंतर–एजेंसी समन्वय पर पैनल चर्चा हुई।

3. कार्यशाला में एनडीएमए के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों, ग्रीष्म लहर के विशेषज्ञों, पूर्व चेतावनी और पूर्वानुमान एजेंसियों, राज्य सरकारों, नागरिक सोसाइटी के अनुसंधान संस्थाओं और सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के साथ, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीट वेव सीजन, 2020 के प्रबंधन के लिए पूर्व प्रयास शुरू कर दिए थे।

3.9 राज्य आपदा प्रबंधन योजना बनाना:

36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपनी राज्य आपदा प्रबंधन योजना (एसडीएमपी) तैयार कर ली है और एनडीएमए के साथ साझा किया।

3.10 भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की आपदा प्रबंधन योजना:

(क) आपदा प्रबंधन योजनाओं (डी.एम.पी.) की तैयारी में भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की सहायता के लिए, एन.डी.एम.ए. ने 'आपदा प्रबंधन योजना हेतु प्रस्तावित संरचना–भारत सरकार में विभागों/मंत्रालयों का प्रतिपादन किया और उसे सभी संबंधितों को परिचालित किया। यह योजना– डीएम योजना टेम्प्लेट्स के अंतर्गत एन.डी.एम.ए. की वेबसाइट www.ndma.gov.in पर उपलब्ध है। डीएम योजना के लिए एक सरलीकृत टेम्प्लेट उन मंत्रालयों/विभागों जो आपदा प्रबंधन से प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है, के लिए तैयार किया गया है।

(ख) डीएमपी पर मंत्रालयों से बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) और उनके उत्तरों की एक सूची सभी मंत्रालयों/विभागों को परिचालित किया गया है और एनडीएमए की वेबसाइट में नीति और योजना – डीएम प्लान टेम्प्लेट के तहत अपलोड भी किया है।

(ग) आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 37 के अनुसार भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की आपदा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी के मामले को उनके साथ बैठकों और अ.शा. पत्रों के माध्यम से लगातार ध्यान रखा जा रहा है।

(घ) (31.03.2020 की स्थिति के अनुसार) एनडीएमए ने नीचे दिए गए भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की आपदा प्रबंधन योजनाओं को अनुमोदित किया :

1. कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग
2. पशु पालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन विभाग (अब मत्स्य पालन, पशु पालन एवं डेयरी मंत्रालय)
3. परमाणु ऊर्जा विभाग
4. कार्पोरेट मामलों का मंत्रालय
5. न्याय विभाग
6. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

(ङ) (31.03.2019 की स्थिति के अनुसार) एनडीएमए ने नीचे दिए गए भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की आपदा प्रबंधन योजनाओं की जांच की :

1. रेलवे मंत्रालय
2. अंतरिक्ष विभाग

3. विद्युत मंत्रालय
4. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
5. इस्पात मंत्रालय
6. सूचना और प्रसारण मंत्रालय
7. स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग
8. भारी उद्योग मंत्रालय
9. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
10. कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग
11. आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय
12. उर्वरक मंत्रालय
13. नागरिक उड्डयन मंत्रालय
14. दूरसंचार विभाग
15. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
16. खान मंत्रालय
17. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
18. युवा कार्यक्रम विभाग
19. पेय जल और स्वच्छता विभाग
20. संस्कृति मंत्रालय
21. आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय (अब आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय)
22. गृह मंत्रालय (इसके तहत सभी विभागों के लिए)
23. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
24. वाणिज्य विभाग
25. कोयला मंत्रालय
26. उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

3.11 कार्यान्वयन के अंतर्गत योजना:

(i) आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेंडाई रूपरेखा को लागू किया जाना : आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेंडाई रूपरेखा को लागू करने की योजना को वर्ष 2018–19 से तीन वर्षों के लिए सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में लागू करने हेतु 2010.6 लाख रुपए की लागत पर एनडीएमए द्वारा अनुमोदित किया गया है। योजना में, अन्य बातों के साथ–साथ, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एसडीएमए में एक डीएम व्यावसायिक को हायर करने के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। डीएम व्यावसायिक आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई रूपरेखा को लागू करने के लिए उपायों को करने में जिला प्रशासन को सुविधा देंगे/सहायता करेंगे। योजना के संघटकों के लिए वित्तीय सहायता के विवरण निम्नानुसार हैं :

(i) 1 लाख रु. प्रति मास की दर पर एक वरिष्ठ परामर्शदाता को हायर करना।

(ii) 22,000/–रु. प्रति मास की दर पर एक डेटा एंट्री ऑपरेटर को हायर करना।

(iii) पहले वर्ष 25,000/रु. प्रति मास की सीलिंग, दूसरे वर्ष 27,500/–रु. प्रति मास की सीलिंग और तीसरे वर्ष 30,250/–रु. प्रति मास की सीलिंग के साथ वाहन को किराए पर लेना।

(iv) कार्यालय की स्थापना हेतु 2.00 लाख रु. (एककालिक) की वित्तीय सहायता।

योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है :

foŸkh; o"kZ	ftu jkT;k@ la?k jkT; {k=k dk fufèk;k tkjh dh xbZ mudh la[;k	Tkkjh dh xbZ dqy jkf'k
2018–19	31 (29 राज्य और 2 संघ राज्य क्षेत्र)	594.56 लाख रुपए
2019–20	3 (3 संघ राज्य क्षेत्र)	22.16 लाख रुपए
	dqy	616-72 yk[k #i,

(ii) 115 चिह्नित पिछड़े जिलों में से खतरा प्रवण जिलों के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (डीडीएमए) का सुदृढ़ीकरण : 115 चिह्नित पिछड़े जिलों में से खतरा प्रवण जिलों के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (डीडीएमए) के सुदृढ़ीकरण की योजना को गोवा जहां किसी पिछड़े जिले की पहचान नहीं की गई है, को छोड़कर सभी राज्यों में तीन वर्षों हेतु लागू करने के लिए 28.98 करोड़ रु. की लागत पर एनडीएमए द्वारा मंजूरी दे दी गई है। इस योजना में 28 राज्यों में 115 चिह्नित जिलों के प्रत्येक खतरा प्रवण क्षेत्रों में योजना की अवधि के दौरान 70,000/रु. (सत्तर हजार) की दर पर एक आपदा प्रबंधन (डीएम) व्यावसायिक को हायर करने के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। डीएम व्यावसायिक आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सेंडाई रूपरेखा के कार्यान्वयन हेतु उपाय करने के लिए जिला प्रशासन को सुविधा देने/सहायता देने का काम करेगा।

इस योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

foŸkh; o’kZ	ftu jkT;ksa@ la?k jkT; {ks=ksa dks fufèk;k tkjh dh xbZ mudh la[;k	Tkkjh dh xbZ dqy jkf'k
2018–19	28 राज्य	524.30 लाख रुपए
2019–20	18 राज्य	315.00 लाख रुपए
	dqy	839-30 yk[k #i,

3.12 कार्यान्वयन के अंतर्गत परियोजनाएं :

(i) Hkkjr ds pkj 'kgjksa esa yw ls lacfèkr LokLF; [krjksa ds vfr laosnu'khyrk vkSj lhek ¼Fkzs'kgksYM½ dk eY;kadu

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रधिकरण (एनडीएमए) ने दिसंबर, 2019 को भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य फाउंडेशन (पीएचएफआई) हरियाणा, को तात्कालिक 48,98,300/–रुपए के लागत से भारत के चार शहरों अर्थात ओंगले (आंध्र प्रदेश), करीमनगर (तेलंगाना), अंगुल (ओडिशा) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में लू संबंधी स्वास्थ्य खतरों के अतिसंवेदनशीलता और सीमा (थ्रेशहोल्ड) का मूल्यांकन करने हेतु अध्ययन के लिए निर्णय लिया गया है।

इस अध्ययन से देश के चार शहरों/कस्बों में ग्रीष्म लहर के चपेट में आने पर स्वास्थ्य प्रभाव का आंकलन करेगा। इसके अतिरिक्त देश के चार शहरों/कस्बों में ग्रीष्म लहर के दबाव का भी आंकलन करेगा और इन चार शहरों में वर्तमान सामाजिक–सांस्कृतिक सरोकारों का मैप तैयार करेगा। यह उन अवसरों और चुनौतियों का पता लगाएगा जो संवेदनशील आबादी गर्मी की लहरों से संबंधित जोखिमों को कम करने के लिए सामना कर रही है। इसके अलावा इस अध्ययन से भारत के चार शहरों को इस नीति की जानकारी देने के लिए मजबूत साक्ष्य मिलेंगे जो बदले में वर्तमान स्थिति और बेहतर तैयारी के लिए क्षेत्रवार भारतीय मौसम चेतावनी प्रणाली को मजबूत करेंगे। नीति संबंधी संक्षिप्त सा राज्य विशेष हेतु जो प्रत्येक राज्य के लिए विकसित किया जाएगा, गर्मी की लहर से निपटने के लिए तैयारियों में सुधार के लिए विशिष्ट सुझाव प्रदान करेगा।

(ii) Hkkjrh; 'kgjksa ds fy, yw laosnu'khyrk efiax vkSj xehZ dh ekMy dk;Z ;kstuk ds fy, :ijs[kk fodflr djuk

एनडीएमए ने भारतीय शहरों के लिए लू संवेदनशीलता मैपिंग और माडल गर्मी के लिए कार्य योजना के लिए रूपरेखा विकसित करने के लिए विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी), नागपुर को 46,94,612/–रुपए की अनंतिम लागत सौंप दिया है।

परियोजना के सुपुर्दगी में शामिल हैं :

1. आउटडोर थर्मल कमफर्ट, मौसम संबंधी मापदंडों और रूपात्मक मापदंडों के बीच संबंध दिखाने वाले अध्ययन
2. विदर्भ क्षेत्र के 2 शहरों के लिए गर्मी संवेदनशीलता मैप
3. किसी चयनित शहर के लिए गर्मी की कार्य योजना
4. एचवी मैपिंक के लिए सामान्य पद्धति
5. मॉडल एचएपी के लिए रूपरेखा

(iii) xqokgkVh Vkmu esa ck<+ iwoZ psrkouh iz.kkyh dk fodkl

एनडीएमए ने गुवाहाटी टाउन में बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली का विकास के लिए रूपरेखा विकसित करने के लिए ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टीईआरआई), नई दिल्ली को वर्ष 2018–19 में 49,20,664/–रुपए की अनंतिम लागत की राशि सौंप दी थी और कार्य प्रगति पर है।

परियोजना के सुपुर्दगी में निम्नलिखित गतिविधियां शामिल हैं :

1. (i) प्राथमिक और माध्यमिक डाटा संग्रह, सर्वेक्षण और विश्लेषण और (ii) मॉडल स्थापित करना और मॉडल अनुकरण और ट्यूनिंग
2. (i) परिणामों का विश्लेषण और सत्यापन और (ii) आलेखीय उपयोगकर्ता इंटरफेज, जीयूआई प्रशिक्षण, मसौदा और मुख्य निष्कषों और कार्य की समीक्षा के साथ अंतिम रिपोर्ट। गुवाहाटी नगर निगम द्वारा उपयोग की जाने वाली, टीईआरआई द्वारा विकसित बाढ़ चेतावनी प्रणाली, एनडीएमए/असम एसडीएमए को अंतिम उत्पाद सौंपने से पहले टीईआरआई टीम की उपस्थिति में उनके द्वारा चलाई जाएगी।

अध्याय 4

आपदा जोखिम प्रशमन परियोजनाएं

राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम प्रशमन परियोजना

4.1 राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम प्रशमन परियोजना (एन.सी.आर.एम.पी.) (भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।) जो एनडीएमए द्वारा 5232 करोड़ रुपए की समग्र बजट से 8 चक्रवात प्रवण तटीय राज्यों में क्रियान्वयन की जा रही है, परियोजना दो चरणों में विभाजित हैं। चरण–I का परिव्यय 2542 करोड़ रुपए था और चरण–II का 2691 करोड़ रुपए है। चरण–I में आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य कवर है, जहां वर्ष 2011 के दौरान कार्य शुरू हुआ और वर्ष 2018 में पूर्ण हुआ। वर्तमान में चरण–II का कार्य जो 2015 में 6 राज्यों अर्थात गोवा, गुजरात, कर्नाटक केरल, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में शुरू हुआ, का कार्य चल रहा है।

परियोजना घटक

4.2 नीचे दी गई सारणी के अनुसार इस परियोजना के चार घटक हैं :

?kVd d& पूर्व चेतावनी और प्रसार प्रणाली (ई.डब्ल्यू.डी.एस.)

?kVd [k& चक्रवात जोखिम प्रशमन अवसंरचना का निर्माण यथा

(i) बहु–उद्देश्यीय चक्रवात आश्रय–केंद्र (एम.पी.सी.एस.)
(ii) सुरक्षित निकास हेतु सड़कें
(iii) पुल
(iv) लवणीय तटबंध (सेलाइन इम्बैंकमेंट्स)

?kVd x& जोखिम प्रबंधन, क्षमता निर्माण और ज्ञान निर्माण के लिए तकनीकी सहायता

?kVd ?k& परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन समर्थन

,ulhvkj,eih pj.k&I		
?kVd	ifj;kstuk fooj.k	ifj0;; ¼djkM+ #i,½
क	पूर्व चेतावनी और प्रसार प्रणाली (ई.डब्ल्यू.डी.एस.)	132.00
ख	चक्रवात जोखिम प्रशमन अवसंरचना का निर्माण यथा;	2223.67
	– बहु–उद्देश्यीय चक्रवात आश्रय–केंद्र (एम.पी.सी.एस.);	22.41
	– सुरक्षित निकास हेतु सड़कें;	138.64
	– पुल; तथा	24.88
	– लवणीय तटबंध (सेलाइन इम्बैंकमेंट्स);	2223.67
ग	चक्रवात जोखिम प्रशमन, क्षमता निर्माण और ज्ञान सृजन हेतु तकनीकी सहायता।	22.41
घ	परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन सहायता।	138.64
	अनावंटित आकस्मिकता निधियां	24.88
	योग	2541.60

,ulhvkj,eih pj.k&II		
?kVd	ifj;kstuk fooj.k	ifj0;; ¼djksM+ #i,½
क	पूर्व चेतावनी और प्रसार प्रणाली (ई.डब्ल्यू.डी.एस.)	267.12
ख	चक्रवात जोखिम प्रशमन अवसंरचना का निर्माण यथा; – बहु–उद्देश्यीय चक्रवात आश्रय–केंद्र (एम.पी.सी.एस.); – सुरक्षित निकास हेतु सड़कें; – पुल; तथा – लवणीय तटबंध (सेलाइन इम्बैंकमेंट्स); – भूमिगत केबलिंग; – तटीय बेल्ट रोपण/लाइटनिंग अरेस्टर्स	2133.48
ग	चक्रवात जोखिम प्रशमन, क्षमता निर्माण और ज्ञान सृजन हेतु तकनीकी सहायता।	105.10
घ	परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन सहायता।	135.30
	अनावंटित आकस्मिकता निधियां	50.00
	योग	2691.00

4.3 ,ulhvkj,eih pj.k&I dh dk;kZUo;u ikfLFkfr ¼vkaèkz izns'k vkSj vksfM'kk½

?kVd d ½ ईडब्ल्यूडीएस के संबंध में, 275 चेतावनी साइरन, 476 डिजिटल मोबाइल रेडियो और 34 सेटलाइट टर्मिनल दोनों राज्यों में संस्थापित कर इस तंत्र को चालू कर दिया गया।

?kVd [k ½ एनसीआरएमपी चरण–I के अंतर्गत 535 बहु–उद्देश्य चक्रवात आश्रय–केंद्र, 1086.52 कि.मी. लंबी सड़कें, 34 पुलें और 88.12 कि.मी. लवणीय तटबंध (सेलाइन इम्बैंकमेंट्स) पूर्ण हो चुके हैं। राज्यवार विवरण निम्नलिखित हैः

Øe la-	jkT;	mi&?kVd	dqy fuekZ.k fd;k tkuk gS	lEiw.kZ
1.	ओडिशा	एमपीसीएस (सं०)	316	316
		रोड (कि.मी.)	388.50	388.50
		लवणीय तटबंध (कि.मी.)	58.22	58.22
2.	आंध्र प्रदेश	एमपीसीएस (संख्या)	219	219
		रोड (कि.मी.)	698.02	698.02
		पुल (सं०)	35	34
		लवणीय तटबंध (कि.मी.)	29.90	29.90

?kVd x ¼ निम्नलिखित तकनीकी अध्ययन पूरे किए जा चुके हैं :

(i) तटीय खतरा, जोखिम और संवेदनशीलता मूल्यांकन (वेब–सीआरए) (ii) लंबी अवधि का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तैयार करना (iii) आपदा के बाद की मूल्यांकन की आवश्यकता (पीडीएनए) उपकरण और लंबी अवधि बहाली रूपरेखा।

4-4 foŸkh; izcaèku

दिसंबर, 2018 तक 1983.84 करोड़ रुपए (भारत सरकार का हिस्सा) जारी की जा चुकी है तथा 30 नवंबर, 2019 तक 1963.53 करोड़ रुपए की राशि (भारत सरकार का हिस्सा) खर्च की जा चुकी है।

4-5 ,ulhvkj,eih pj.k&II dh dk;kZUo;u dh fLFkfr ¼xkok] xqtjkr] dukZVd] dsjy] egkjk"Vª vkSj if'pe caxky½

?kVd & d ¼ गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल के चार राज्यों ने पूर्व चेतावनी प्रसार प्रणाली (ईडब्ल्यूडीएस) की कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने के लिए अपने ज्ञान सहभागी/तकनीकी सलाहकार के रूप में एम/एस टीसीआईएल नियुक्त किए। पश्चिम बंगाल ने अपने ज्ञान सहभागी के रूप में एम/एम पीडब्ल्यूसी को नियुक्त किया जबकि गुजरात ने अपने ज्ञान

एन.सी.आर.एम.पी. चरण-I के अंतर्गत बनाई गई परिसंपत्तियों के चित्र (आंध्र प्रदेश)

पश्चिम गोदावरी जिला में संपर्क सड़क

गुंटूर जिला में पुल

एन.सी.आर.एम.पी. चरण-I के अंतर्गत बनाई गई परिसंपत्तियों के चित्र (ओडिशा)

पुरी जिला में एमपीसीएस

ओडिशा में लवणीय तटबंद का कार्य

सहभागी के रूप में केपीएमजी को। गोवा में सिस्टम इंटीग्रेटर को काम सौंप दिया जबकि अन्य पांच राज्यों में सिस्टम इंटीग्रेटर की नियुक्ति के लिए निविदा स्तर पर है।

?kVd & [k % चरण–II में घटक–ख के तहत एमपीसीएस, सड़क, पुल और लवणीय तटबंध के अतिरिक्त, दो अतिरिक्त प्रशमन कार्यों को शुरू किए गए अर्थात भूमिगत बिजली केबलिंग कार्य और लाइटनिंग अरेस्टर/तटीय बेल्ट रोपण कार्य। सीआरएमआई कार्यों के राज्यवार भौतिक प्रगति निम्नलिखित है :–

Øe lå	jkT;	mi&?kVd	dqy fuekZ.k fd;k tkuk gS	laiw.kZ	fØ;kUo;u ds rgr	fufonk pj.k
1.	गोवा	एमपीसीएस (सं०)	12	0	10	2
		भूमिगत केबलिंग (कि.मी.)	98	0	98	
2.	गुजरात	एमपीसीएस (सं०)	95	28	51	16
		रोड (कि.मी.)	157	157	0	
3.	कर्नाटक	एमपीसीएस (सं०)	11	4	7	
		रोड (कि.मी.)	48	47	1	
		लवणीय तटबंध (कि.मी.)	7			1
4.	केरल	एमपीसीएस (सं०)	17	0	14	3
5.	महाराष्ट्र	एमपीसीएस (सं०)	11	0	0	11
		लवणीय तटबंध (कि.मी.)	29.55 (3 पैकेज)	0	22.26 (2 पैकेज)	7.29
		भूमिगत केबलिंग (कि.मी.)	471	0	471	
6.	पश्चिम बंगाल	एमपीसीएस (सं०)	146	145	1	
		भूमिगत केबलिंग (कि.मी.)	515	0	500	15

एन.सी.आर.एम.पी. चरण-II के अंतर्गत बनाई गई परिसंपत्तियों के चित्र (गुजरात)

सूरत जिले में एमपीसीएस

भरूच जिले में एमपीसीएस

एन.सी.आर.एम.पी. चरण-II के अंतर्गत बनाई गई परिसंपत्तियों के चित्र (पश्चिम बंगाल)

दक्षिण 24 परगना जिले में एमपीसीएस

दक्षिण 24 परगना जिले में एमपीसीएस

?kVd & x\ चरण–II (एनसीआरएमपी) के अंतर्गत निम्नलिखित अध्ययन कार्य आयोजित किया जा रहा है :–

क) खतरा, जोखिम एवं संवेदनशीलता मूल्यांकन (वेब–डीसीआरए) – इसमें चक्रवात और संबद्ध प्रभावों, जिसमें 13 तटीय राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में तूफानी लहर एवं अंतरराज्य बाढ़ सहित, के लिए वेब–डीसीआरए और डीएसएस उपरकण के विकास शामिल हैं। यह कार्य मेसर्स आरएमएसआई को सौंपा गया और यह प्रगति पर है।

ख) राष्ट्रीय भूकंप जोखिम प्रशमन कार्यक्रम (एनएसआरएमपी) – नौ उच्च जोखिम वाले राज्यों अर्थात उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख के लिए राष्ट्रीय भूकंप जोखिम प्रशमन कार्यक्रम का डिजाइन करना। कार्य परामर्शदाता (डीडीएफ–एकेडीएन जेवी) को पहले ही सौंप दिया गया और उनके द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। एनएसआरएमपी–II के अंतर्गत पांच और अधिक उच्च जोखिम राज्य (दिल्ली, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मिजोरम) कवर है। रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) एनएसआरएमपी–II के मूल्यांकन के तहत है।

ग) जल–मौसम विज्ञान संबंधी समुत्थानशीलता कार्य योजना (एचएमआरएपी) – राज्यों को समुत्थानशी कार्ययोजना, जो शहरी क्षेत्रों में चरम मौसम संबंधी घटनाओं पर केंद्रित होगा, तैयार करने में सहायता करना। परामर्श शीघ्र ही प्रदान किय जाएगा।

घ) व्यापक बहु–खतरा जोखिम वित्तीय रणनीति (सीएमएचआरएफएस) की डिजाइनिंग – विभिन्न जोखिम हस्तांतरण वित्तीय तंत्र की पहचान करने और जोखिम वित्तीय रणनीति का विकास करना। आरएफपी चयनित फार्मों को जारी किया गया।

ङ) क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण :

i) पांच प्राथमिकता क्षेत्रों (शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज संस्थान, शहरी स्थानीय

निकाय, ग्रामीण विकास) के तहत सरकारी अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण गतिविधियां प्रगति पर है।

ii) आश्रय–केंद्र स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा संबंधी प्रशिक्षण, प्रबंधन तथा खोज एवं बचाव कार्य प्रगति पर है।

4-6 foRrh; icèku

मार्च, 2020 तक राज्यों को 1111.87 करोड़ रुपए (भारत सरकार का हिस्सा) जारी किया गया है और मार्च, 2020 तक 805.30 करोड़ रुपए (भारत सरकार का हिस्सा) का परिव्यय खर्च किया गया है।

प्रशमन प्रभाग, एनडीएमए द्वारा शुरू की गई पहल

4.7 प्रशमन प्रभाग ने ख्याति संस्थानाओं/संगठनों के माध्यम से बाढ़, भूस्खलन, भूकंप, रासायनिक, जैविक, विकिरणकीय और नाभिकीय आपदाओं आदि प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हुए क्रॉस कटिंग थीम पर सर्वसमावेशी परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) और अध्ययन शुरू किए। एनडीएमए द्वारा शुरू किए गए विभिन्न परियोजनाएं/कार्यकलाप निम्नानुसार है :–

भूकंपः

1. 50 शहरों और एक जिले के लिए भूकंप आपदा जोखिम सूचकांक (ईडीआरआई)

4.8 आईआईआईटी, हैदराबाद द्वारा 50 शहरों और एक जिले के लिए आपदा जोखिम सूचकांक का अनुमान लगाने के लिए एक पायलट अध्ययन आयोजित किया गया था। इन शहरों को जोन IV और V से चुना गया था और इन शहरों का चयन उच्च जनसंख्या धनत्व और आवास खतरे के कारक आदि पर आधारित था। प्राप्त जोखिम मुख्य रूप से खतरा, अतिसंवदेनशीलता और शहर के विस्तार का संयोजन है और उनको आसन्न जोखिम को रोकने के लिए आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए उचित कार्रवाई करने में उपयोग करना। यह प्रत्येक शहर को अपने आसन्न जोखिम के बारे में सूचना प्रदान करता है और शहरों के बीच जोखिम के अंतर–तुलना करना है।

4.9 भूकंप आपदा जोखिम सूचकांक का अंतिम रिपोर्ट एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस पर जारी की गई थी। ईडीआरआई के संबंध में संबंधित शहर के अधिकारियों को जागरूक करने के लिए 9 जनवरी, 2020 को एक कार्यशाला भी आयोजित की गई थी, शहरों में भूकंप प्रशमन उपाय अध्ययन के परिणाम के आधार पर किया जाएगा। 9.5 लाख रुपए की अंतिम किश्त आईआईआईटी, हैदाराबाद को जारी किया गया था। इस परियोजना ने परिकल्पित उद्देश्यों और उसके वितरण को प्राप्त किया है।

भूकंप रोधी निर्मित वातावरण हेतु सरलीकृत दिशानिर्देशों/मैनुअल को विकसित करना

4.10 एनडीएमए बीआईएस कोडों और एनबीसी–2016 के आधार पर सरलीकृत दिशानिर्देशों को तैयार करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के साथ संबद्ध किया है, जिनमें कुल–मिलाकर आम आदमी तथा जनता के हित में भूकंप समुत्थानशील निर्माणों की बुनियादी आवश्यकता को स्पष्ट किया गया। इस संबंध में मसौदा दिशानिर्देश कार्यकारी समूह (डब्ल्यूजी) के माध्यम से तैयार किया गया।

4.11 4.56 लाख रुपए की लागत से सीबीआरआई, रुड़की के माध्यम से बीआईएस और एनबीसी–2016 की मुख्य विशेषताओं को दर्शाने वाले व्याख्यात्मक कार्टून को जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। सीबीआरआई, रुड़की को 1.83 लाख रुपए की पहली किश्त जारी की जा चुकी है।

भूकंप प्रतिरोधी निर्माण पर्यावरण के लिए कोड निर्माण का सृजन, आविधिक समीक्षा एवं अपडेशन/संशोधन

4.12 बीआईएस की सीईडी 39 समिति के विचार–विमर्श के आधार पर, 'संभाव्यवादी भूकंपीय खतरा मानचित्र', पाइपलाइन कोड ऑफ प्रैक्टिस के भूकंपीय डिजाइन 'प्रदर्शन आधारित डिजाइन और भूकंपीय डिजाइन और नई संरचनाओं का

विस्तार–इस्पात वाले भवन' पर आर एंड डी परियोजना के लिए निधिपोषण के लिए बीआईएस ने एनडीएमए को अनुरोध किया।

4.13 आगे, एनडीएमए ने उपरोक्त उल्लिखित 4 कोडों के लिए 35 लाख रुपए का वित्तपोषण करने के लिए निर्णय लिया है। एनडीएमए, बीआईएस और संबंधित आईआईटी के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संबंधित आईआईटी को प्रथम किश्त जारी की जा चुकी है और आर एंड डी कार्य संबंधित कोडों के विकास की ओर शुरू कर दिया गया है। कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिए 7 जनवरी, 2020 को एक परियोजना निगरानी समूह बैठक आयोजित की गई थी। आईआईटी, मद्रास, आईआईटी, रुड़की, आईआईटी, भुवनेश्वर द्वारा संबंधित मानकों पर आर एंड डी कार्य का पहला मसौदा प्रस्तुत किया गया है।

भूकंप इंजीनियरिंग पर संसाधन सामग्री का विकास

4.14 एनडीएमए ने स्नातक स्तर पर भूकंप इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम का हिस्सा होने के लिए विषयों को प्राथमिकता देने के बाद विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए विषय विशेषज्ञों के एक कोर ग्रुप का गठन किया है। कोर ग्रुप की दूसरी बैठक 29.05.2019 को आईआईटी मुंबई में आयोजित की गई थी। बैठक में, पांच विषयों के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया है और प्रत्येक विषय के लिए पहचान की संक्षिप्त रूपरेखा के साथ उप–विषय के संदर्भ में विस्तृत सामग्री विकसित की जा रही है। इसके अलावा 17.07.2019 को एनडीएमए में तीसरी बैठक आयोजित की गई थी ताकि पांच चिह्नित विषयों की विस्तृत सामग्री विकसित करने के लिए प्रमुख संस्थान और प्रमुख विशेषज्ञों की पहचान की जा सके।

4.15 आईआईटी, मुंबई को 1.924 करोड़ रुपए की लागत के साथ प्रक्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों के माध्यम से संसाधन सामग्री विकसित करने के लिए मुख्य एजेंसी के रूप में पहचाना गया है। आईआईटी, मुंबई और एनडीएमए के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और पहली किश्त जारी की जा चुकी है और आईआईटी, मुंबई द्वारा कार्य शुरू किया गया है। रूपरेखा, एआईसीटीई पाठ्यक्रम के सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए कई बैठकें आयोजित की गई हैं। पहचाने गए प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत सामग्री लेखन प्रगति पर है।

पर्वतीय कसबों में डीआरआर की चुनौतियों पर कार्यशाला

4.16 एनडीएमए ने हिमालयी राज्यों अर्थात उत्तर पूर्वी राज्यों और उत्तर पश्चिमी राज्यों के लिए 2 कार्याशालाओं का आयोजन करने का निर्णय लिया, ताकि पहाड़ी क्षेत्रों की स्थानीय सरकार और शहर के अधिकारियों को उनके निर्मित वातावरण की सुरक्षा को प्रभावित समस्याओं के सामाधान के लिए, पहाड़ी क्षेत्रों के संबंध में आपदा जोखिम से संबंधित उनके मुद्दों और पहलों को साझा करने के लिए मंच प्रदान किया जा सके।

4.17 उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से 18–19 सितंबर, 2019 के दौरान गेंगटोक में पहली कार्यशाला और 22–23 अक्तूबर, 2019 के दौरान शिमला में दूसरी कार्यशाला की गई थी। इस संबंध में, एनडीएमए ने प्रत्येक संबंधित राज्यों को 10.00 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के साथ तकनीकी सहायता प्रदान की।

इंजीनियरिंग/आर्किटेक्ट कॉलेजों में भूकंप इंजीनियरिंग संकायों के संसाधन मैपिंग

4.18 भूकंप इंजीनियरिंग संसाधन की मैपिंग 23.5 लाख रुपए की लागत से एमएनआईटी, जयपुर के माध्यम से की जानी है। एनडीएमए और एमएनआईटी, जयपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर 18.10.2019 को हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजनाओं का प्रमुख वितरण भूकंप विशेषज्ञों के डाटाबेस और देश भर में अन्य प्रासंगिक संसाधनों का विकास करना है और भूकंप संसाधन डाटाबेस की मेजबानी के लिए एमआईएस प्लेटफॉर्म का विकास करना है।

4.19 कार्य शुरू करने के लिए 9.4 लाख रुपए की पहली

किश्त जारी की जा चुकी है और एमएनआईटी, जयपुर द्वारा कार्य शुरू किया गया है। 17 मार्च, 2020 को परियोजना की एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की जा चुकी है।

मेसनरी जीवनरेखा संरचनाओं और आने वाले निर्माणों के भूकंप प्रतिरोधी क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रायोगिक परियोजना

4.20 एनडीएमए ने जीवनरेखा संरचना, जिसमें चिह्नित मेसनरी जीवनरेखा निर्माण, प्रौद्योगिकी प्रर्दशन इकाई का निर्माण और इंजीनियर, बार बेंडर, कारपेंटरों की क्षमता निर्माण शामिल है, के भूकंप प्रतिरोधी को सुधारने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) शुरू की है।

परियोजना का प्रमुख उद्देश्य हैं :–

- चयनित जीवनरेखा मेसनरी निर्माण की संरचनात्मक की सुरक्षा ऑडिट
- चयनित जीवन रेखा निर्माण की पुनः संयोजन (रेट्रोफिटिंग)।
- भूकंप रोधक प्रतिरोधी तकनीक को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शन इकाइयों का निर्माण (परियोजना राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में एक–एक)
- क्षमता निर्माण–इंजीनियर, मेसन, बार बेंडर और कारीगरों के लिए प्रशिक्षण।

4.21 प्रारंभिक किश्त अर्थात 91 लाख रुपए उत्तराखंड और त्रिपुरा दोनों राज्य और एनडीएमसी, दिल्ली को जारी किए गए हैं।

4.22 त्रिपुरा राज्य ने काम शुरू कर दिया है और 25 मेसनरी भवनों की पहचान की है और आगे डीपीआर तैयार करेगा। इस तरह उत्तराखंड राज्य ने भी भवनों की पहचान की है और एक अस्पताल भवन की डीपीआर पूरी की जा चुकी है।

ज्ञान साझा करने और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए पारंपरिक भूकंप प्रतिरोधी निर्माण अभ्यास का संकलन : पारंपरिक निर्माण अभ्यासों का संवर्धन

4.23 हिमालयी क्षेत्र में पारंपरिक भूकंप प्रतिरोधी निर्माण अभ्यासों पर अध्ययन आईआईटी, रुड़की और एईसी, गुवाहाटी के साथ एक सहायता संघ में आईआईटी, रोपर को आबंटित किया गया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भारतीय हिमालय में समकालिक भवनों के प्रकारों, भूकंपीय अतिसंवेदनशीलता मूल्यांकन की पहचान करना और उनका दस्तावेजीकरण करना है और इस तरह की भवनों के लिए सुरक्षा उपाय सुझाव देना है। आईआईटी, रोपर द्वारा काम शुरू किया गया है।

4.24 परियोजना शुरू करने के लिए आईआईटी, रोपर को 10 लाख रुपए परियोजना की प्रथम किश्त जारी की जा चुकी है और समझौता ज्ञापन के अनुसार आईआईटी, रोपर ने रिपोर्ट का पहला मसौदा प्रस्तुत किया गया है।

डीआरआर पर क्षेत्रीय कार्यशाला

4.25 10 और 11 फरवरी, 2020 को भुवनेश्वर, ओडिशा में पूर्वी राज्यों द्वारा सामना किए गए आपदाओं को कम करने के मुद्दों की चर्चा करने और अपने अनुभवों को साझा करने के लिए एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के राज्यों ने भाग लिया। इस क्षेत्रीय कार्यशाला में आपदा जोखिम प्रबंधन में जीआईएस के उपयोग के साथ–साथ बाढ़ चक्रवात और भूकंप के प्रशमन से संबंधित मुद्दों और उपायों पर चर्चा की गई।

भूस्खलन :

मेसो लेवल 1:10,000 स्केल उपयोगकर्ता के अनुकूल एलएचजेड मानचित्र और हरिद्वार-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग, उत्तराखंड के तपोवन-व्यासी गलियारे (कॉरीडोर) के लिए भूस्खलन सूची तैयार करना।

4.26 एनडीएमए ने दूर संवेदी अनुप्रयोग केंद्र (आरएसएसी)–उत्तर प्रदेश (लखनऊ) के सहयोग से Þesl k yoy 1%10]000 Ldy i;kDrdrk vudy ,y,ptM ekufp=k vkj gfj}kj&cnhukFk jk"Vh; jktekx] mRrjk[kM d rikou&0;klh dkjhMkj d fy, HkL[kyu bUoVjh d l tuß पर प्रायोगिक

परियोजना स्वीकृत की है, जिसमें भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) और भारत भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), आईआईटी, रुड़की और उत्तराखंड सरकार अपने इनपुट प्रदान करेंगे। हाई उच्च विभेदन उपग्रह डेटा द्वारा 1:10,000 स्केल के एलएचजेड मानचित्रों और लैंडस्लाइड इनवेंटरी का सृजन किया जाएगा।

4.27 इस परियोजना का कुल अनुमानित लागत 35,13,000 रु. (पैंतीस लाख तेरह हजार रुपए) है। इसमें से आरएसएसी–यूपी और आईआईटी, रुड़की को 20,52,000 (बीस लाख बावन हजार रुपए) की राशि जारी की जा चुकी है। परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्न प्रकार है :

(क) सड़क, बस्तियों, जल–निकासी, सक्रिय स्लाइड आदि की परतों का निर्माण और उच्च विभेदन (हाई रेजोल्यूशन) चित्र की खरीद।

(ख) आरएसएसी–यूपी और जीएसआई (उत्तराखंड राज्य इकाई) की टीम द्वारा अक्तूबर, 2019 को स्थल का दौरा किए गए।

(ग) भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) ने 1:10,000 स्केल आधार मानचित्र और 30 कि.मी. सड़क के 5 मीटर समोच्च अंतराल को 0.5 कि.मी. बफर के साथ तपोवन से व्यासी मार्ग गलियारे तक के लिए डाटाबेस उपलब्ध कराया गया।

(घ) उच्च विभेदन (हाई रेजोल्यूशन) उपग्रह डाटा से भूस्खलन मैपिंग पूर्ण हो चुकी है।

(ङ) अन्य थीम आधारित पर्त की तैयारी का कार्य प्रगति पर है।

(च) आईआईटी, रुड़की द्वारा अध्ययन क्षेत्र से संकलित की गई सैंपलों की जांच कार्य प्रगति पर है।

कम लागत भू-स्खलन निगरानी उपाय का विकास और मूल्यांकन

4.28 एनडीएमए द्वारा माइक्रो–इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम (एमईएमएस) आधारित सेंसर प्रौद्योगिकी के माध्यम से भू–स्खलन मॉनीटरिंग के लिए कम लागत सेंसर और अन्य यंत्रों के विकास के लिए आईआईटी, मंडी के सहयोग से Þde ykxr Hkk&L[kyu fuxjkuh mik; dk fodkl vkj eY;kdu ß पर एक प्रायोगिक परियोजना को संस्वीकृत किया गया था।

4.29 परियोजना की कुल अनुमानित लागत 27]85]080 #- (सत्ताइस लाख पिचासी हजार अस्सी रु. केवल) है। जिसमें से 25,99,408 (पच्चीस लाख निन्यान्वे हजार चार सौ आठ रु. केवल), आईआईटी, मंडी को जारी की गई थी।

परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है :–

(क) प्रोटॉटाइप कम लागत एमईएमएस आधारित भूस्खलन निगरानी समाधान (एलएमएस) की विकास प्रक्रिया पूर्ण।

(ख) एलएमएस पर लेब स्केल अनुकरण का प्रदर्शन पूर्ण।

(ग) उपकरण के सतही विनियोजन के साथ स्थल का चयन पूर्ण और घरपा पर्वत स्थल पर उपकरण के उप–सतह विनियोजन कार्य पूर्ण।

(घ) मशीन अध्ययन अलगोरिदम और अंशांकन–सेंसर का सत्यापन प्रगति पर है।

4.30 HkkL[kyu tkf[ke i:'keu ;kstuk ¼,yvkj,e,l½

- एनडीएमए ने एसडीएमए/डीडीएमए के आपदा जोखिम शासन सुधार के तहत "भूस्खलन जोखिम प्रशमन योजना (एलआरएमएस)" की अवधारणा और निर्माण की, जो स्थल विशिष्ट भूस्खलन प्रशमन के लिए भूस्खलन प्रवण क्षेत्र राज्यों को वित्तीय सहायता दे सकें।
- एलआरएमएस भूस्खलन निगरानी, जागरूकता सृजन, क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण आदि के साथ भूस्खलन प्रशमन उपायों के लाभों का प्रदर्शन करने की एक प्रायोगिक परियोजना है।
- योजना के कार्यान्वयन के लिए सिक्किम, मिजोरम, नगालैंड और उत्तराखंड के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (एसडीएमए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- योजना की कुल लागत 43.92 करोड़ रुपए

है, जिसमें से 13.17 करोड़ रुपए सिक्किम, मिजोरम, नगालैंड, उत्तराखंड को प्रथम किश्त के रूप में जारी की गई और परियोजना क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा के बाद नगालैंड को दूसरी किश्त के रूप में 3.27 करोड़ रुपए जारी की गई थी।

"भूस्खलन प्रशमन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

4.31 एनडीएमए ने आईआईटी, सीबीआरआई, सीआरआरआई आईआईएससी आदि विशेषज्ञ संस्थानों के सहयोग से राज्य सरकारों के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए ÞHkwL[kyu iz'keu vkSj foLr`r ifj;kstuk fjiksVZ ¼Mhihvkj½ dh rS;kjhß पर दो और पांच दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को एनडीएमए ने मंजूरी दे दी है, क्योंकि राज्य सरकारों द्वारा भूस्खलन प्रशमन और स्थिरीकरण (स्टैबलाइजेशन) पर डीपीआर तैयार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है,

4.32 तदनुसार, बजटीय सहायता के साथ केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), नई दिल्ली; केंद्रीय निर्माण अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रुड़की और एनडीएमए से बिना कोई वित्तीय सहायता के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), नई दिल्ली के सहयोग से वाईएमसीए, नई दिल्ली में पांच दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। सभी पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए थे।

4.33 अब तक, बजटीय सहायता के साथ आईआईटी–मंडी, (हिमाचल प्रदेश) भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बंगलौर (कर्नाटक) और नेहु–शिलांग (मेघालय) चार 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके अलावा, सीआरआरआई, सीबीआरआई, एनआईटी–मिजोरम और आईआईटी, रुड़की में भविष्य में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 2 दो–दिवसीय और 2 पांच–दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

हिमनदी खतरा एवं जोखिम विशेषकर हिमनदी झील द्वारा विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ) के प्रबंधन पर दिशानिर्देशों की तैयारी

4.34 एनडीएमए हिमनदी खतरा एवं जोखिम विशेषकर हिमनदी झील द्वारा विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ) और भूस्खलन झील विस्फोट बाढ़ (एलएलओएफ) के प्रबंधन पर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए स्विच विकास संघ (एसडीसी), स्विट्जरलैंड, दूतावास, नई दिल्ली के साथ सहयोग कर रहा है।

4.35 orZeku fLFkfr %&

- कार्यबल का गठन
- आईआईसी, नई दिल्ली में 3–4 जुलाई, 2019 को प्रारंभ सह विचार–विमर्श (ब्रेनस्टारमिंग) कार्यशाला आयोजित की गई।
- सितंबर, 2019, दिसंबर, 2019 और फरवरी, 2019 में तीन कार्यबल बैठक की गई।
- कार्य बल के विशेषज्ञ दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार कर रहे हैं।
- अगला विचार–विमर्श (ब्रेनस्टारमिंग) कार्यशाला ऑनलाइन प्लेटफॉम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम प्रबंधन कार्यनीति

4.36 एनडीएमए ने 27 सितंबरर, 2019 को हुई एनडीएमए के 15वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम प्रबंधन कार्यनीति जारी की। कार्यनीति के दस्तावेज विशेषज्ञों का एक कार्यबल द्वारा तैयार किया गया था। राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम प्रबंधन कार्यनीति को छह आत्मनिर्भर उप–समूहों के माध्यम से योजनाबद्ध किया गया था। उप–समूहों के छह मुख्य घटक निम्न प्रकार हैं :

i. उपयोगकर्ता अनुकूल भूस्खलन संकट मानचित्र तैयार करना

ii. भूस्खलन निगरानी (मॉनीटरिंग) और पूर्व–चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) का विकास

iii. जागरूकता कार्यक्रम

iv. हितधारकों का क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण

v. पहाड़ी क्षेत्र के विनियमों और नीतियों को बनाने की तैयारी

vi. भूस्खलन के स्थिरीकरण और प्रशमन तथा भूस्खलन प्रबंधन के लिए विशेष उद्देश्य साधन का सृजन (एसपीवी)

4.37 दस्तावेज सभी संबंधित मंत्रालयों, विभागों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य हितधारकों के बीच आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए परिचालित किया गया था।

नाभिकीय और विकिरणकीय :

विकिरणकीय आपातकालीन प्रबंधन पर पुलिस कर्मियों की नियुक्ति और प्रशिक्षण: मोबाइल विकिरण जांच प्रणाली

4.38 एनडीएमए ने "मोबाइल विकिरण जांच प्रणाली" नामक परियोजना शुरू की है, जिसके तहत पुलिस कर्मियों को सार्वजनिक क्षेत्र में विकिरणकीय आपातस्थिति से निपटने हेतु प्रबंधन और प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया। परियोजना के तहत 56 चयनित शहरों में पुलिस कर्मियों को गो–नोगो विकिरण मीटर लगाया हुआ गश्ती वाहनों सहित पीपीई, विकिरण जांच यंत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों के कार्यक्रम के प्रशिक्षण के तहत परियोजना में शामिल सभी शहरों के पुलिस कर्मियों के एक अनुपातिक संख्या को बैचों में प्रशिक्षित किया गया है। नियमित जांच और आपातस्थिति प्रबंधन के दौरान एमआरडीएस से निपटने के लिए एसओपी तैयार किए गए और प्रशिक्षकों के कार्यक्रम के प्रशिक्षण में शामिल किया गया।

4.39 परियोजना से सार्वजनिक क्षेत्रों में सीबीआरएन सुरक्षा स्थिति, रेडियो–आइसोटोप के दुर्भावनापूर्ण उपयोग, आरडीडी, परिवहन दुर्घटना अनाथ स्रोतों आदि के खिलाफ महत्वपूर्ण वृद्धि होने की उम्मीद है। यह किसी भी रेडियोसक्रिय सामग्री की तस्करी के खिलाफ एक निवारक के रूप में भी काम करेगा।

हवाई अड्डा और बंदरगाह के लिए सीबीआरएन आपातकालीन प्रबंधन पर बुनियादी प्रशिक्षण

4.40 प्रमुख हवाई अड्डों और बंदरगाहों के कर्मचारियों को सीबीआरएन घटनाओं के प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिलाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र में कुछ घटनाओं के बाद यह पहल की गई थी। एनडीएमए ने बंदरगाहों में सुरक्षा अभ्यासों का अंतर विश्लेषण किया, निष्कर्षों के आधार पर कर्मचारियों के प्रशिक्षण की शुरूआत की गई थी। कार्यक्रम 12 प्रमुख हवाई अड्डों और 12 बंदरगाहों में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। एक परियोजना के तहत पहल को अतिरिक्त 30 हवाई अड्डों और 11 बंदरगाहों तक विस्तारित की जा रही है।

एनपीपी वाले जिलों के डीडीएमपी का संशोधन :

4.41 7 जिलों के डीडीएमपी, जहाँ परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) स्थित हैं, विशेष रूप से समीक्षा की गई और यह पाया गया कि पास के प्रचालनगत एनपीपी में ऑफ साइट परमाणु आपातकाल पर योजनाओं को शामिल नहीं किया गया है। एनपीपी वाले जिलों के डीडीएमपी तैयार करने के बारे में दिशानिर्देश देते हुए एक दस्तावेज तैयार करने का प्रारूप (डीपीपी) तैयार की गई और संबंधित जिलों से डीडीएमपी को संशोधित करने का अनुरोध किया गया। इस प्रयास से दस्तावेजों में पर्याप्त विवरण और एकरूपता आएगा।

विकिरणकीय आपातकालीन स्थितियों के चिकित्सा प्रबंधन पर मेनुअल का प्रकाशन

4.42 परमाणु और विकिरणकीय आपातकालीन स्थितियों के चिकित्सा प्रबंधन पर एक किताब फरवरी, 2019 में प्रकाशित हुई थी। मैनुअल, जिससे डोमेन विशेषज्ञों के समर्थन से तैयार किया गया है, का उद्देश्य किसी भी परमाणु या विकिरणकीय आपातकाल के प्रबंधन के लिए एक व्यावहारिक संसाधन मार्गदर्शिका के रूप में सेवा करना है। यह आपातकाल चिकित्सा प्रक्रिया संगठनों के सदस्यों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को भी बताता है, जिसमें प्रतिक्रिया प्रारंभिक टीम, मौके पर आपातकालीन चिकित्सा कर्मी और अस्पताल विकिरणकीय प्रक्रिया टीम हैं।

चिकित्सा तैयारी और जैविक आपदाएं

4.43 चिकित्सा तत्परता को बढ़ावा देने और स्कूलों में

तैयारियों की प्रथा को विकसित करने के लिए, एनडीएमए ने भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी के साथ व्यापक प्राथमिक चिकित्सा पर मॉडयूल और मोबाइल एप्लीकेशन विकसित की। यह किताबें विद्यार्थियों की आयु–वर्ग के अनुसार सामग्री और भाषा में डिजाइन की गई। 3 माडयूल कक्षा 8–10, कक्षा 11–12 के लिए और फास्ट मोबाइल एप के साथ शिक्षकों के लिए थे, जिसमें बच्चों और माता–पिता दोनों के लिए इंटरफेज था और प्राथमिक चिकित्सा, व्यापक रूप से कवर विषयों, जीवन सुरक्षा, आपदाओं के लिए क्या करें और क्या न करें, प्राथमिक चिकित्सा और प्रत्यक्ष एम्बुलेंस कॉलिंग सुविधा के बारे में दिलचस्प तथ्यों से संबंधित विषय शामिल थें।

नाभिकीय और विकिरणकीय आपातकालीन स्थितियों के चिकित्सा प्रबंधन पर एनडीएमए मेनुअल

4.44 नाभिकीय और विकिरणकीय आपातकालीन स्थितियों के पीड़ितों का प्रबंधन जटिल और चुनौतीपूर्ण है। इस तरह के मरीजों से निपटने के लिए अस्पतालों को तैयार करने के लिए तौर तरीकों पर एक स्पष्ट मार्गदर्शन, विभिन्न जोखिमों, प्रलेखन और औषधियां–विधिक मुद्दों के मामलें में क्या उपचार प्रदान किया जाना चाहिए, एक व्यापक तरीके से विकिरण आपातस्थिति के मरीजों से निपटने के लिए भी महत्वपूर्ण पहलुओं को व्यापक तरीके से मेनुअल में शामिल किया गया है।

कोविड-19 महामारी

4.45 31 दिसंबर, 2019 को चीनी जनवादी गणराज्य ने पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) देश कार्यालय को वुहान में अज्ञात कारण के निमोनिया का रिपोर्ट किया था और उसके एक महीने बाद 30 जनवरी, 2020 तक दुनिया भर में कुल 7818 मामलों की पुष्टि की रिपोर्ट दर्ज किए गए, जिसमें से केवल 18 अन्य देशों से मामले आए। इस बीमरी की गंभीरता ने डब्ल्यूएचओ को नोवल आउटब्रेक (2019–एनसीओवी), को सार्वजनिक स्वास्थ्य अस्पताल (पीएचईआईसी) घोषित करने के लिए मजबूर किया, जिसे बाद में 11 फरवरी, 2020 को कोविड–19 के रूप में नाम दिया गया। इसी बीच 30 जनवरी, 2020 को, केरल ने अपने कोविड–19 का पहला मामला दर्ज किया, जो फरवरी, 2020 तक तीन मामलों में बढ़ी–वुहान से लौटे हुए सभी छात्र थें।

4.46 स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, 4 फरवरी, 2020 को एनडीएमए ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को एक सलाह जारी की, जो जैविक आपदाओं के प्रबंधन पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देशों और कोविड–19 के प्रबंधन के लिए तैयारी गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना 2019 के अध्याय 7.15 के सिद्धांतों पर अपना ध्यान आकर्षित करते हैं। इसमें स्वास्थ्य देखभाल श्रमिकों और अन्य हितधारकों की लक्षित क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। सभी अस्पतालों में पृथक सुविधाओं को बढ़ाया, कोविड–19 में क्या करें और क्या न करें सभी गैर फार्मासिटिकल मध्यस्थों सहित सभी मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से सभी भाषाओं में प्रसार किया।

4.47 एक महीने बाद कोविड–19 मामलों के बढ़ते हुए उच्च प्रक्षेपवक्र (ट्राजेक्टरी) के साथ, एनडीएमए की 5 मार्च, 2020 की सलाह ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का ध्यान रोकथाम योजना पर आकर्षित किया, जो समूह रोकथाम के लिए विशेष संदर्भ के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा निकाला गया था। यह कोविड–19 क्षमता निर्माण उपायों के विभिन्न पहलुओं के लिए फिर से प्रोत्साहन जैसे कि इसके सभी प्रथम मोचकों का संवेदीकरण प्रशिक्षण, पृथकीकरण पर टेबल टॉप अभ्यास, संगरोध, संक्रमण नियंत्रण, नेटवर्किंग सहित अस्पतालों की बढ़ती क्षमता, सभी क्षेत्रों के लिए अंतर–क्षेत्रीय समन्वय और जोखिम संचार। इसके अलावा मनोवैज्ञानिक देखभाल हेल्पलाइन और व्यापार निरंतरता और आवश्यक सेवाओं को सुनिश्चित करने के उपायों का समर्थन किया गया।

4.48 21 जनवरी, 2020 से चीन से आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग के साथ शुरू की गई कोविड–19 के विरुद्ध सुरक्षात्मक उपाय शुरू में 7 हवाई

अड्डों पर किए गए, और बाद में इसे महीने के अंत तक 20 हवाई अड्डों तक विस्तारित किया गया। फरवरी, 2020 के दौरान थाईलैंड, सिंगापुर, हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया के सभी यात्रियों के लिए स्क्रीनिंग को बढ़ाया गया था और उसके बाद महीने के अंत में नेपाल, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया को सूची में जोड़ा गया। इस पृष्ठभूमि के साथ कि, 1 जनवरी, 2020 के बाद से निर्दिष्ट देशों से आने वाले सभी यात्रियों को उचित प्रवेश स्क्रीनिंग नहीं हुई थी, 17 मार्च, 2020 को सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को एक सलाह (एडवाइजरी) जारी की गई थी कि वे इन यात्रियों की चिकित्सा जांच करने के लिए एक तंत्र तैयार करें।

4.49 विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 11 मार्च, 2020 को कोविड–19 को महामारी घोषित कर दिया क्योंकि महाद्वीपों में इसकी रूग्णता और मृत्यु दर नियंत्रण से बाहर थी। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर, कोविड–19 के प्रसार और गंभीरता के खतरनाक स्तर से दोनों का गहरा संबंध है, इसलिए देशभर में इसके प्रसार को रोकने के लिए और आपदा की स्थिति के प्रकोप को कम करने के लिए प्रभावी उपाय करना आवश्यक समझा गया, जिसके लिए सामाधान के लिए सामाजिक दूरी का समर्थन किया गया था। तदनुसार, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 6 (2) (i) के तहत निहित शक्तियों के प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकार और राज्य प्राधिकरणों को निर्देश दिया गया है कि वे 25 मार्च, 2020 से 21 दिनों की अवधि के लिए सामाजिक दूरी सुनिश्चित करें, जो सामान्य बोलचाल की भाषा में लॉकडाउन नाम से जाना जाता है।

जीआईएस :

आपदा प्रबंधन के लिए एनडीएमए में जीआईएस सर्वर की स्थापना और जियो-डेटाबेस का सृजन

4.50 आपदा जोखिम प्रबंधन में जीआईएस की प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए परियोजना "एनडीएमए में जीआईएस सर्वर की स्थापना और जियो–डेटाबेस का सृजन" शुरू की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए भूस्थानिक डेटा इंवेंटरी, मानचित्र तैयार करना, जीआईएस सर्वर का डेटा एकीकरण और वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म पर अनुप्रयुक्त का विकास करना है। 3.30 करोड़ रुपए कुल लागत की स्वीकृति में से, अब तक 3.10 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। वर्ष 2019–20 में निम्नलिखित कार्य पूरा किया जा चुका है :

(क) जीआईएस साफ्टवेयर का एक वर्ष के तकनीकी सहायता के साथ उन्नयन का कार्य पूरा किया जा चुका है।

(ख) इमेज प्रोसेसिंग और जीआईएस विश्लेषण को जीआईएस सर्वर में उचित प्रबंधन के लिए सर्वर, रैम–272 जीबी और एसएसडी ड्राइव–11.8 टीबी की स्थापित क्षमता का उन्नयन।

(ग) दस (10) नए डेटा आधारित राज्य अर्थात् अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, सिक्किम, पुडुचेरी, झारखंड, तेलंगाना, गोवा और महाराष्ट्र के लिए भू–स्थानिक डेटाबेस का एकीकारण।

(घ) एनडीएमए जीआईएस सर्वर में जीआईएस सॉफ्टवेयर नामः परिस्थिति जागरुकता, परिचालनगत प्रतिक्रिया, सड़क बंद करना और संबंधित राज्यों का डीएम पोर्टल के नए वर्जन में वेब एप्लीकेशन का उन्नयन।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण में जीआईएस पर हितधारकों की क्षमता निर्माण

4.51 परियोजन का उद्देश्य वर्ष 2019–20 में 11 प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए, डीआरआर में जीआईएस के अनुप्रयुक्ता की क्षेत्र में एसडीएमए के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के बीच जागरुकता सृजत करना, क्षमता निर्माण करना है, जिसमें इस योजना के तहत स्वीकृत 6 दो दिवसीय और 5 पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला संस्वीकृत की गई हैं। प्रशिक्षण के लिए संस्थानों की पहचान

की गई थी अर्थात्, आईआईआरएस, देहरादून, आईआईएसएम, हैदराबाद और एनईएसएसी, मेघालय। इस परियोजना की कुल लागत 2.50 करोड़ रुपए है। तीन वर्षों के लिए 2019–20, 2020–21 और 2021–22, इसमें से संस्थानों को अठारह लाख रुपए जारी किए गए हैं।

I. विभिन्न संस्थानों नामतः भारतीय दूर संवेदी संस्थान, देहरादून भारतीय सर्वेक्षण और मैपिंग संस्थान, हैदराबाद और उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयुक्त केंद्र, मेघालय में कुल नौ (9) प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

II. परियोजना के तहत सभी एसडीएमए और अन्य हितधारकों से लगभग 125 विशेषज्ञों को प्रशिक्षित और लाभान्वित किया गए हैं।

आपदा प्रबंधन के यूएवी/ड्रोन अनुप्रयुक्त पर प्रशिक्षण

4.52 परियोजन का उद्देश्य दो साल 2019–20 और 2020–21 में 5 प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए, आपदा प्रबंधन में यूएवी / ड्रोन के अनुप्रयुक्ता की क्षेत्र में एसडीएमए के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के बीच जागरुकता सृजत करना, क्षमता निर्माण करना हैं। प्रशिक्षण के लिए संस्थानों की पहचान की गई थी अर्थात्, आईआईआरएस, देहरादून और एनईएसएसी, मेघालय। इस परियोजना की कुल लागत 40 लाख रुपए है, इसमें से 5.50 लाख रुपए आईआईआरएस, देहरादून को जारी की जा चुकी है। परियोजना के तहत आईआईआरएस, देहरादून में एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है और सभी एसडीएमए और अन्य हितधारकों से लगभग 17 विशेषज्ञों को प्रशिक्षित और लाभान्वित किया गया है।

क्लाउड आधरित अनुप्रयुक्त सूचना प्रणाली का विकास

4.53 जीआईएस प्रभाग ने एक कोविड–19 डेशबोर्ड विकसित किया है, जो कोविड–19 मामलों की वृद्धि, अवसंरचना, उपलब्धता, परीक्षण सुविधाओं का स्थान, राहत कैंप के स्थान और अन्य विश्लेषण आदि की ट्रैकिंग और निगरानी कर रहा है। जीआईएस पोर्टल को जल्द ही अनुप्रयोग प्रोग्रामिंग इंटरफेज (एपीआई) का उपयोग और भूस्थानिक प्रारूप के रूप में डेटाबेस का दृश्य के माध्यम से एकीकृत एमओएचएफडब्ल्यू और आईसीएमआर को जल्द ही अनुकूलित किया गया है। निम्न सूचीबद्ध कार्य पूरा किया गया है:

- एनआईसी सर्वर में एनडीएमए जीआईएस पोर्टल चलाने के लिए एनआईसी क्लाउड स्पेस में नई वेबसाइट अर्थात् gis-dm.ndma.gov.in पंजीकृत किया गया है।
- एनडीएमए के लिए एनआईसी क्लाउड पर आबंटित स्थान पर जीआईएस सर्वर डेटाबेस का माइग्रेशन अर्थात् कोरोना विभागीय डेशबोर्ड, राष्ट्रीय माइग्रेंट सूचना प्रणाली को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

आपदा समुत्थानशील अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई)

सीडीआरआई का उद्घाटन

4.54 प्रधानमंत्री ने 23 सितंबर, 2019 को न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्य शिखर सम्मेलन में सीडीआरआई की घोषणा की और इस पहल में शामिल होने के लिए दुनिया भर के देशों को आंमत्रित किया।

4.55 सीडीआरआई ने अवसंरचना के आपदा और जलवायु प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को एक साथ लाने के लिए तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

क. "समुत्थानशील अवसंरचना : संधारणीय विकास के लिए 2030 एजेंडा की सफलता की कुंजी", बैठक 25 सिंतबर, 2019 को न्यूयॉर्क में यूएन मुख्यालय में आयोजित की गई थी। भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन (एमओईएफसीसी) मंत्री, श्री प्रकाश जावड़ेकर की अध्यक्षता में और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि, सुश्री ममिमिजुतोरी द्वारा संचालित की गई। इस कार्यक्रम ने ऑस्ट्रेलिया, भूटान, जापान,

मालदीव, कतर, श्रीलंका, तुर्की, युनाइटेड किंगडम और संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों से उच्च स्तरीय भागीदारी को आकर्षित किया। इसके अलावा विश्व बैंक की उपराष्ट्रपति (संधारणीय विकास), लाउरा टक, संयुक्त राष्ट्र सहायक महासचिव और यूएनडीपी सहायक प्रशासक, सुश्री असाको ओकाई और ग्रीन क्लाइमेट फंड, अनुकूलन और बीमा विकास सुविधा के लिए वैश्विक आयोग से वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

ख. "जलवायु प्रकोप से बचना : ग्लोबल वार्मिंग के युग में समुत्थानशील अवसंचना का निर्माण", कार्यक्रम 12 नवंबर, 2019 को पैरिस में, पैरिस शांति मंच में आयोजित हुआ। कोमोरोस द्वीप समूह के माननीय राष्ट्रपति, कोएन डोएन, ईयू में विकास सहयोग का महानिदेशक और आपदा और जलवायु सहनशीलता पर काम करने वाले अन्य प्रतिष्ठित लोग पैनल का हिस्सा थे।

ग. "समुत्थानशील अवसंरचना : अनिश्चित भविष्य के लिए निर्माण कार्य", 14 जनवरी, 2020 को नई दिल्ली में रैजीना वार्ता में राउंड टेबुल लंच। बैठक में 16 देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की एक मेजबानी देखी गई। सीडीआरई द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों और सहयोगात्मक तरीके से इन्हें अमल में लाने के लिए सर्वसम्मति से व्यापक सराहना की गई।

सीडीआरआई की स्थापना

4.56 भारत सरकार ने जी–20 और गैर जी–20 देशों को सीडीआरआई में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। 16 देशों (एक व्यापक विविधता जी–20, एसआईडीएस, लैंडलॉक वाले देशों को प्रतिनिधित्व करते हुए) और 3 अंतर्राष्ट्रीय संगठन औपचारिक रूप से गठबंधन में शामिल हुए हैं।

4.57 सीडीआरआई सोसाइटी को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत 03.02.2020 को पंजीकृत किया गया था। सीडीआरआई सोसाइटी, सामान्य निकाय और प्रबंधन समिति की पहली बैठक 25 फरवरी, 2020 को आयोजित की गई थी। समिति ने सीडीआरआई सचिवालय के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न बुनियादी नियमों और प्रक्रियाओं को अपनाया।

4.58 आपदा समुत्थानशील अवसंरचना के लिए गठबंधन के शासी परिषद की पहली बैठक 20 मार्च, 2020 को दिल्ली में हुई थी। शासी परिषद ने गठबंधन के सभी सदस्यों को मान्यता दी और सीडीआरआई के तीन साल के कार्यों के कार्यक्रम को मंजूरी दी। इस बैठक में सीडीआरआई सोसाइटी को सीडीआरआई के सचिवालय के रूप में मान्यता दी गई थी।

सीडीआरआई का कार्यक्रम

4.59 नई दिल्ली में 23–24 जनवरी, 2020 को सीडीआरआई कार्य संबंधी कार्यक्रम पर चर्चा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय परामर्शी बैठक आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में सीडीआरआई के तीन साल के कार्य संबंधी कार्यक्रम में इनपुट प्राप्त करने के लिए चुनिन्दा भागीदार देशों, आपदा जोखिम प्रबंधन एजेंसियों, बहु–पक्षीय विकास बैंकों और संयुक्त राष्ट्रीय एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया।

4.60 सीडीआरआई की एक तीन–वर्षीय कार्य योजना को शासी परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है और कार्य–योजना के तहत गतिविधियों को शुरू किया गया है। कार्य योजना के तहत शुरू की गई परियोजनाओं में विद्युत क्षेत्र के सहनशीलता बढ़ाने पर ओडिशा में एक अध्ययन, हवाई अड्डे सहनशीलता कार्यक्रम पर वैश्विक अध्ययन और अवसंरचना सहनशीलता पर एक वैश्विक अग्रणी रिपोर्ट शामिल हैं।

मनोसामाजिक देखभाल और सामाजिक संवेदनशीलता में कमी

4.61 एनडीएमए ने 'मनोसामाजिक देखभाल की तैयारी और मॉड्यूल तथा आईईसी सामग्रियों की तैयारी'

शीर्षक एक परियोजना शुरू की। परियोजना का उद्देश्य भारत में सामुदायिक स्तर पर मनोसामाजिक सहायता के प्रावधान की सहायता के लिए सभी स्तरों राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर मनोसामाजिक सहायता उपलब्धकर्ताओं के क्षमता निर्माण के लिए मानकीकृत प्रशिक्षण सामग्री विकसित करना। इस तरह के प्रशिक्षण उपकरण संबंधित विभागों, क्षेत्रों और आबादी को शामिल करते हुए संस्कृति, भाषा और विशिष्ट आपदा जोखिमों के लिए व्यापक और संवेदनशील होंगे। परियोजना के लिए मुख्य भागीदार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान (निमहन्स) होंगे और एनडीएमए कार्यक्रम के कार्यान्वयन की सहायता के लिए तकनीकी और वित्तीस संसाधन प्रदान करेंगे। निमहन्स तकनीकी भागीदार होगा, जो मॉड्यूल और आईईसी सामग्रियों को डिजाइन, विकसित और मानकीकृत करेगा। मॉडल के चार स्तरों को विकसित किया जाएगा, स्तर 1 (राष्ट्रीय), स्तर 2 (राज्य), स्तर 3 (जिला) और स्तर 4 (ब्लॉक)। परियोजना मार्च, 2020 को शुरू की गई थी।

4.62 आपदाओं में मनोसामाजिक सहायता और मनोस्वास्थ्य सेवाओं पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश वर्ष 2009 में प्रकाशित किया गया था। यह दिशानिर्देश, आपदा प्रबंधन में मनोसामाजिक सहायता और मनोस्वास्थ्य सेवाओं (पीएसएसएमएचएस) की विशेषताओं और आपदाओं के समय ऐसी सेवाओं की आवश्यकता के बारे में बताते हैं। यह संस्थागत और नीतिगत ढांचा प्रदान करते हैं जो आपदाओं के समय पीएसएसएमएचएस के कार्यान्वयन का आवाहन करता है। यह परिचालन ढांचे में अंतराल की पहचान करता है, जो आपदाओं के बाद पीएसएसएमएचएस के प्रावधान को सीमित करता है। यह पीएसएसएमएचएस में आपदा तैयारियों के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों के साथ–साथ आपदा के बाद के चरण में पीएसएसएमएचएस के लिए दिशानिर्देश भी देता है। इस दिशानिर्देश की तैयारी ने देश में पीएसएसमएचएस पहलों के लिए एक रोडमैप और दिशानिर्देश दिए हैं। तथापि कुछ विकास (मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम–2017 को पारित करते हुए, पीएसएसएमएचएस के लिए अवसंरचना और जनशक्ति से संबंधित संसाधनों में बदलाव आदि को दिशानिर्देश के अपडेट की आवश्यकता थी।

4.63 इसको ध्यान में रखते हुए एनडीएमए ने विशेषज्ञ संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ विशेषज्ञों का एक कोर ग्रुप गठिन किया। एनडीएमए दिशानिर्देशों के अध्यतन की चर्चा और प्रारंभ करने के लिए आपदा में मनोसामाजिक सहायता और मनोस्वास्थ्य सेवाओं पर एनडीएमए दिशानिर्देश, दिसंबर, 2019 के अध्यतन पर पहली कोर ग्रुप की बैठक 28 जनवरी, 2020 को एनडीएमए में हुई थी। इस बैठक में संशोधन प्रक्रिया के उद्देश्य और दायरे के साथ–साथ संशोधन के लिए सदस्यों के बीच अध्यायों के आंबटन पर चर्चा हुई।

अध्याय 5

क्षमता विकास

प्रस्तावना

5.1 क्षमता विकास के रणनीतिक तरीके पर हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) की सक्रिय और उत्साहवर्धक सहभागिता से ही कारगर ढंग से काम किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में जागरूकता सृजन, शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास (आर.एंड.डी.) आदि शामिल हैं। साथ ही, इसमें समुचित संस्थागत रूपरेखा, प्रबंधन प्रणालियां और आपदाओं का कारगर निवारण तथा उनसे निपटने के लिए संसाधनों का आबंटन से संबंधित समाधान किए जाते हैं।

5.2 क्षमता विकास के तरीके में निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

- प्रादेशिक विविधताओं और बहु–संकटीय संवेदनशीलताओं की दृष्टि से उनकी विनिर्दिष्ट जरूरतों के लिए, समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन प्रणालियां विकसित करने के लिए, प्रशिक्षण को प्राथमिकता देना।
- राज्यों और अन्य हितधारकों के सहयोग से, जिसमें राज्य और स्थानीय स्तर के प्राधिकारी कार्यान्वयन प्रभारी हों, परामर्शी प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन प्रणालियों की संकल्पना विकसित करना।
- बेहतर कार्य–निष्पादन के रेकॉर्ड वाले ज्ञान–आधारित संस्थानों की पहचान करना।
- अंतर्राष्ट्रीय और प्रादेशिक सहयोग को बढ़ावा देना।
- पारंपरिक और विश्व की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों और प्रौद्योगिकियों को अपनाना।
- योजनाओं को परखने के लिए टेबल टॉप अभ्यासों, अनुकरणों (सिमुलेशंस), कृत्रिम अभ्यासों तथा कौशल विकास पर जोर देना।
- राज्य/जिला/स्थानीय स्तरों पर विभिन्न आपदा कार्रवाई दलों की क्षमता का विश्लेषण।

भारत के 25 राज्यों के चयनित 30 सर्वाधिक बाढ़ प्रवण जिलों में आपदा मोचन-कार्य में सामुदायिक स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण हेतु आपदा मित्र स्कीम

5.3 एनडीएमए ने मई, 2016 में एक केंद्रीय प्रायोजित योजना को 1547.04 लाख रुपए की कुल राशि से अनुमोदित किया जिसका केंद्र भारत के 25 राज्यों के 30 सर्वाधिक बाढ़ प्रवण जिलों में आपदा मोचन के कार्य में 6,000 सामुदायिक स्वयंसेवकों (प्रति जिला 200 स्वयंसेवक) के प्रशिक्षण पर है। योजना के तहत शामिल राज्य हैं : असम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल। परियोजना की कार्यन्वयन की अवधि 31.12.2020 तक बढ़ाया गया है। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पहली किश्त और पंजाब और दिल्ली को छोड़कर दूसरी और अंतिम किश्त जारी की गई है।

5.4 अब तक 23 परियोजनाएं राज्य (आंध्र प्रदेश–102, अरुणाचल प्रदेश–91, असम–400, बिहार–400, गुजरात–200, हरियाणा–50, हिमाचल प्रदेश–200, जम्मू और कश्मीर–200, कर्नाटक–200, केरल–200, मध्य प्रदेश–150, महाराष्ट्र–200,

मणिपुर–200, मेघालय–200, मिजोरम–200, नगालैंड–200, ओडिशा–400, सिक्किम–174, तमिलनाडु–200, त्रिपुरा–200, उत्तर प्रदेश–349, उत्तराखंड–200 और पश्चिम बंगाल–400) द्वारा 5116 सामुदायिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

5.5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और मजबूत सिफारिशों के आधार पर, एनडीएमए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में इस योजना को आगे बढ़ाने की योजना भी बना रहा है, ताकि आपदा प्रतिक्रिया, समन्वय, सहायता के जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने के लिए देशभर में बाढ़, चक्रवात, भूस्खन और भूकंप प्रवण 350 चुनिंदा अतिसंवेदनशील जिलों में 1,00,000 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2020–2021 में शुरू होने की संभावना है। इस उद्देश्य के लिए तैयार की गई विशेषज्ञ समिति की एक बैठक 24.10.2019 को हुई थी।

भारत के 5 राज्यों के 10 बहु-खतरा प्रवण जिलों में 'आपदा जोखिम में सतत कमी' पर परियोजना

5.6 एनडीएमए 5 राज्यों अर्थात् असम, बिहार, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की साझेदारी से "आपदा जोखिम में सतत कमी" परियोजना जून, 2016 से 607.40 लाख रुपए की कुल लागत से क्रियान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य समुदाय और स्थानीय स्वसरकार की तैयारी और 10 अत्यधिक बहु–खतरा अतिसंवेदनशील जिले, 5 चुनिंदा राज्यों में 2–2, में प्रतिक्रिया को मजबूत करना। इस परियोजना को 31.03.2020 को बंद कर दिया गया है।

5.7 निधि की प्रथम और दूसरी किश्त सभी राज्यों को वित्तीय वर्ष 2016–2017, 2017–2018, और 2018–2019 में जारी की गई है। निधि की तीसरी/अंतिम किश्त केवल हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को जारी की गई है।

5.8 परियोजना के तहत विभिन्न गतिविधियां जैसे–आपदा प्रबंधन (डीएम) टीमों के गठन; सीबीडीएम पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला विशिष्ट कार्य योजना की तैयारी; डीडीएमएपी और एसडीएमएपी का अद्यतन; डीआरआर पर हितधारकों का प्रशिक्षण; डीआरआर/बहाली योजना की तैयारी; विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम; सीबीडीएम पर टीओटी; सरकारी अधिकारियों, गैर–सरकारी संगठन; डीएम टीम सदस्यों का प्रशिक्षण; और कृत्रिम अभ्यासों का आयोजन शुरू किया गया है।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आईएएस अधिकारियों तथा केंद्रीय सेवा अधिकारियों के लिए आपदा प्रबंधन पर क्षमता निर्माण

5.9 एनडीएमए ने आपदा प्रबंधन केंद्र लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के सहयोग से परियोजना को जनवरी, 2018 में अनुमोदित किया गया था, जिसका उद्देश्य वर्ष 2017–18 से 2019–20 के दौरान 189.36 लाख रु. की कुल लागत से सीडीएम, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आपदा प्रबंधन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर क्षमता निर्माण में 2850 (लगभग) आईएएस/केंद्रीय सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से मंजूरी दे दी थी। इस परियोजना के लिए, 12.02.2018 को सीडीएम, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी और एनडीएमए के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

5.10 परियोजना के तहत आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी को 1,69,49,152/रु. जारी किए हैं। अब तक, कुल 2655 अधिकारियों वित्तीय वर्ष 2017–18 और 2018–19 में 2115 और वित्तीय वर्ष 2019–20 में 540 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। दो केस अध्ययन केरल बाढ़, 2018 : प्रशमन

कार्यनीति के कारणों और जोखिम पर जांच और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लू प्रबंधन : लू दिशानिर्देशों और कार्य योजना की प्रभावकारिता, इसके तहत तैयार की गई।

समझौता ज्ञापन/करार पर हस्ताक्षर

5.11 मंगोलिया की राष्ट्रीय आपाताकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के बीच आपदा प्रबंधन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में 20.09.2019 को हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौता ज्ञापन के दायरे में गतिविधियों की एक मसौदा योजना तैयारी की गई है और विभिन्न हितधारकों को उनकी टिप्पणियों के लिए भेजा गया है।

दूसरा बिमस्टेक आपदा प्रबंधन अभ्यास :

5.12 भारत ने दूसरा बिमस्टेक आपदा प्रबंधन अभ्यास और बिमस्टेक देशों के एनडीएमए/एनडीएमएओ की एक आधा दिवसीय नीति बैठक और भारतीय आपदा प्रबंधन पर पहली बिमस्टेक अंतर–सरकारी विशेषज्ञ समूहों की मेजबानी करने का निर्णय लिया है। दिनांक 15–16 नवंबर, 2019 को पुरी, ओडिशा में एक तैयारी बैठक आयोजित की गई थी। मुख्य अभ्यास बिमस्टेक देशों की एनडीएमए/एनडीएमएओ की आधा–दिवसीय नीति बैठक क्रमशः 11–12 फरवरी, 2020 को और 13 फरवरी, 2020 को आयोजित की गई थी। आपदा प्रबंधन पर पहली बिमस्टेक अंतर–सरकारी विशेषज्ञ समूह भी 14 फरवरी, 2020 को पुरी/भुवनेश्वर, ओडिशा में तय किया गया था। तथापि, बिमस्टेक देशों से नामांकन न मिलने के कारण इसे संचालित नहीं किया जा सका।

'शहरी भूकंप खोज और बचाव-2019 पर एससीओ संयुक्त अभ्यास' (एससीओ सं. अभ्यास-2019) :

